सद्गुरु अवतरण विशेषांक
अप्रैल-2021
मूल्य-40/-
वर्ष 11
अंक 7
नारायण-मंत्र-साधना
विज्ञान
गुरुकृपा प्राप्ति सा.
शत्रु स्तम्भन प्रयोग
तांत्रोक्त हनुमत कल्प
अक्षय तृतीया
अक्षय लक्ष्मी साधना

नारायण मंत्र साधना विज्ञान

कृपया ध्यान दें

1. यदि आप साधना सामग्री शीघ्र प्राप्त करना चाहते हैं।
2. यदि आप अपना पता या फोन नम्बर बदलवाना चाहते हैं।
3. यदि आप पत्रिका की वार्षिक सदस्यता लेना चाहते हैं।

तो आप निम्न वाट्सअप नम्बर पर मैसेज भेजें।

8890543002

450 रुपये तक की साधना सामग्री वी.पी.पी से भेज दी जाती है।

परन्तु यदि आप साधना सामग्री स्पीड पोस्ट से शीघ्र प्राप्त करना चाहते हैं तो सामग्री की न्यौछावर राशि में डाकखर्च 100 रुपये जोड़कर निम्न बैंक खातें में जमा करवा दें एवं जमा राशि की रसीद, साधना सामग्री का विवरण एवं अपना पूरा पता, फोन नम्बर के साथ हमें वाट्सअप कर दें तो हम आपको साधना सामग्री स्पीड पोस्ट से भेज देंगे जिससे आपको साधना सामग्री अधिकतम 5 दिनों में प्राप्त हो जायेगी।

बैंक खाते का विवरण

खाते का नाम	: नारायण मंत्र साधना विज्ञान
बैंक का नाम	: स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
ब्रांच कोड	: SBIN0000659
खाता नम्बर	: 31469672061

मासिक पत्रिका का वार्षिक मेम्बरशिप ऑफर

1 वर्ष सदस्यता 405/-	हनुमान यंत्र एवं माला 405 + 45 (डाक खर्च) = 450	गणपति यंत्र एवं माला 405 + 45 (डाक खर्च) = 450	1 वर्ष सदस्यता 405/-

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :

नारायण मंत्र साधना विज्ञान

गुरुधाम, डॉ. श्रीमाली मार्ग, हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर-342001 (राज.)

फोन नं. : 0291-2433623, 2432010, 2432209, 7960039

आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः
मानव जीवन की सर्वतोन्मुखी उन्नति प्रगति और भारतीय गूढ़ विद्याओं से समन्वित मासिक पत्रिका

आत्म-प्रकाश

|| ॐ परम तत्वाय नारायणाय गुरुभ्यो नमः ||

समृद्धि एवं सम्पन्नता प्राप्ति हेतु : अक्षय लक्ष्मी साधना

रस विलास की एकमात्र साधना : मातंगी महाविद्यासाधना

बल, बुद्धि और विद्या प्राप्ति हेतु सर्वश्रेष्ठ : तांत्रोक्त हनुमत कल्प

सद्गुरुदेव

सद्गुरु प्रवचन 5

स्तम्भ

शिष्य धर्म 34
गुरुवाणी 35
नक्षत्रों की वाणी 46
मैं समय हूँ 48
वराहमिहिर 49
इस मास दीक्षा 62
एक द्रष्टि में 63

साधनाएँ

गुरू कृपा प्राप्ति प्र. 20
अक्षय लक्ष्मी साधना 21
मातंगी साधना 23
मनोकामना पूर्ति प्र. 36
सौन्दर्य साधना 37
तांत्रोक्त हनुमत कल्प 40
नृसिंह साधना 50
भुवनेश्वरी प्रयोग 53
शत्रु स्तम्भन साधना 54

ENGLISH

Divya Suryatva Sadhana 60

विशेष

अब प्रभु कृपा.... 28
गुरू मंत्र विवेचन 30
प्रभु की सामीप्यता 44
अद्वितीय ज्योतिषी 56

स्तोत्र

तारा स्तोत्र 26
श्री गुरू स्तवन 55

आयुर्वेद

हींग 42

योग

पद्मासन 57

यात्रा

ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम यात्रा 65

प्रेरक संस्थापक
डॉ. नारायणदत्त श्रीमाली
(परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंदजी)

आशीर्वाद
पूजनीया माताजी
(पू. भगवती देवी श्रीमाली)

सम्पादक
श्री अरविन्द श्रीमाली

सह-सम्पादक
राजेश कुमार गुप्ता

प्रकाशक, स्वामित्व एवं मुद्रक
श्री अरविन्द श्रीमाली
द्वारा
प्रगति प्रिंटर्स
A-15, नारायणा, फेज-1
नई दिल्ली: 110028
से मुद्रित तथा
'नारायण मंत्र साधना विज्ञान'
कार्यालय :
हाई कोर्ट कॉलोनी, जोधपुर से
प्रकाशित

मूल्य (भारत में)
एक प्रति 40/-
वार्षिक 405/-

सम्पर्क
सिद्धाश्रम, 306 कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली-110034, फोन : 011-79675768, 011-79675769, 011-27354368
नारायण मंत्र साधना विज्ञान, डॉ. श्रीमाली मार्ग, हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर-342001 (राज.), फोन नं. : 0291-2433623, 2432010, 7960039
WWW address : http:/www.narayanmantrasadhanavigyan.org E-mail : nmsv@siddhashram.me

प्रार्थना

या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः
पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।
श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा
तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम्।।

जो पुण्यात्माओं के घरों में स्वयं ही लक्ष्मी रूप से, पापियों के यहाँ दरिद्रता रूप से, शुद्धान्तःकरण वाले पुरुषों के हृदयों में बुद्धि रूप से, सत्पुरुषों में श्रद्धारूप से तथा कुलीन मनुष्य में लज्जा रूप से निवास करती हैं, उन भगवती को हम लोग नमस्कार करते हैं। देवि! विश्व का सर्वथा पालन कीजिये।

गुरु आज्ञा पालन परमो धर्म

विद्यालय सत्र पूरा होने पर आचार्य ने शिष्यों की परीक्षा लेनी चाही। सभी शिष्यों के हाथ में बास की टोकरियां थमाते हुए आचार्य ने कहा, ''इन में नदी का जल भर कर लाना है, और उस से विद्यालय भवन की सफाई करनी है।''

शिष्य आचार्य की आज्ञा सुन कर चकरा गए कि बांस की टोकरी में जल लाना कैसे संभव होगा, लेकिन सभी ने टोकरियां उठाई, नदी पर गए, प्रयास किया, किन्तु बांस की टोकरियों के छिद्रों में से जल रिस जाता।

हताश शिष्यों ने लौट कर गुरूदेव को वस्तुस्थिति बताई, किन्तु एक छात्र अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर था। उसके मन में गुरू के प्रति पूर्ण निष्ठा और आस्था थी। वह यह सोच कर बारबार जल भरता रहा कि गुरूदेव ने ऐसी आज्ञा दी है तो यों ही नहीं दी होगी, उनके कहे के पीछे जरूर कोई अर्थ होगा। प्रातः से सायं तक वह जल ही भरता रहा।

जल में बांस की टोकरी के रहने से बांस की तीलियां फूल चुकी थी और छिद्र बंद हो चुके थे, अतः शाम को वह टोकरी में जल ले कर विद्यालय पहुंचा।

अब गुरू ने शिष्यों को इकट्ठा किया और परिश्रम का महत्व बतलाते हुए कहा, ''कार्य तो मैंने तुम्हें अकल्पनीय और दुरूह ही सौंपा था, किन्तु विवेक, धैर्य, लगन, निष्ठा तथा निरंतर प्रयास से कठिन कार्य भी संभव हो सकता है।''

सद्गुरुदेव कहते हैं, शिष्य बनना जीवन का महानतम कार्य है और शिष्य में ज्ञान, गुण, चतुराई, शक्ति, शौर्य, साहस होना ही चाहिये। साथ ही आलस्य उससे दूर रहे। शिष्य बनने में आनन्द ही आनन्द है क्योंकि समर्पित शिष्य बनते ही गुरु हृदय में स्थापित हो जाते हैं। हनुमान का उदाहरण देते हुए गुरुदेव का यह प्रवचन वास्तव में शिष्यों के लिए एक सारगर्भित प्रवचन है, जिसके प्रत्येक शब्द को ध्यान से समझें -

शिष्योर्वतां शिष्य सदैव जीवं प्राणं च आत्मा बल चैव ज्ञानं
चिंत्यं विचिंत्यं देवत्व मेदवं शिष्यत्व रूपं शिष्यत्व दिव्यं।

हनुमत सैव्य ग्रंथ है, जो आपने देखा नहीं है।

हनुमान जैसा विद्वान और शिष्य पृथ्वी पर अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ। शिष्यता की वे पराकाष्ठा थे और विद्वता की भी पराकाष्ठा थे।

हनुमान को हमने देखा है राम के सेवक के रूप में जब कि जहाँ भी शिष्य शब्द का प्रयोग होगा वहाँ हनुमान का नाम लेना ही पड़ेगा और उन्होंने अपने जीवन में तीन ग्रंथ लिखे। उनमें से हनुमत सैव्य में लगभग 115 श्लोक हैं और एक-एक श्लोक एक-एक हीरे की तरह है।

और उस पुस्तक के बाद जिसने भी लिखा है वह उस पुस्तक की नकल ही की है, उस पुस्तक का सारभूत लेकर ही चलाया है। वह ग्रंथ अपने आपमें बेजोड़ है और बचपन में मुझे वह पूरा का पूरा ग्रंथ कंठस्थ था और आज भी है और मैं उसके प्रत्येक शब्द को, प्रत्येक श्लोक को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करता था जब मैं शिष्य था। शिष्य मैं आज भी हूँ क्योंकि शिष्य शब्द अपने आपमें समाप्त होता ही नहीं है।

इन श्लोकों का सार जब मोतियों की तरह गले में पहना होता है तो अपने आप में वह एक साधारण शिष्य देवता बन जाता है और इतना बड़ा देवता बन जाता है कि राम स्वयं हनुमान को कहते हैं, कि तुम भरत से भी ज्यादा प्रिय मेरे भाई हो।

तुलसीदास भी कहते हैं-

जै हनुमान ज्ञान गुण सागर...

आप ज्ञान और गुण के सागर हैं, और तुलसीदास जी आगे कहते हैं कृपा करो गुरुदेव की नाई।

जैसे गुरु कृपा करते हैं वैसे ही हनुमान आप कृपा करें। गुरु की कृपा देवताओं से भी ज्यादा उच्चकोटि की कही जाती है।

तुलसीदास यह भी कह सकते थे कि कृपा करो इंद्र की नाई या कृपा करो विष्णु की नाई। वे ऐसा भी लिख सकते थे। मगर वे विद्वान थे और उन्होंने कहा कि जितना दयालु और जितना अद्वितीय स्वरूप गुरु का हो सकता है उतना और किसी का नहीं हो सकता।

जब तुलसी ने हनुमान चालीसा लिखा तो उन्होंने इसी शब्द का प्रयोग किया और कहा कि आप ज्ञान और गुण के अद्वितीय सागर हैं और आप क्रोध में अग्नि स्वरूप हैं कठिन से कठिन कार्य करने में आप अग्रणी रहे हैं, फिर भी आप गुरु की तरह हम सब पर कृपा करें।

इससे इस बात का परिचय मिल जाता है कि गुरु क्या है और शिष्य क्या है? और जब तक हम उस भाव को समझेंगे नहीं तब तक हमारे जीवन में कुटिलता बनी रहेगी और कुटिलता का अर्थ है नीचे गिरना।

आप चाहे पुरुष हैं, चाहे स्त्री हैं, आप शिष्य तब कहलाएंगे जब शिष्य की कसौटी पर खरे उतरेंगे। मैं अपने को भगवान कह दूँ, मगर जब भगवान की कसौटी पर खरा उतरूँगा तब मैं भगवान हूँ। शिष्यता की कसौटी पर आज मुझे घिसा जाए और मैं उस कसौटी पर खरा उतरूँ तो मैं शिष्य हूँ। गुरु की कसौटी पर खरा उतरूँ तो मैं गुरु हूँ।

क्रोध तो मैं भी कर ही सकता हूँ। दोनों आँखों को सूर्य और चन्द्रमा कहा गया है। एक आँख अपने आपमें सूर्य समान क्रोधमय और अग्निमय होनी चाहिए और गुरु की दूसरी आँख बहुत शीतल और पवित्र भी होनी चाहिए। कोई क्रोध में जलाकर शिष्य को समाप्त करना गुरु का कर्त्तव्य नहीं है। . . .परंतु किसी भी शिष्य के अंदर पाप हो, तो उसे क्रोध के माध्यम से जलाकर के और शीतल जल से स्नान कराकर के उसे सही अर्थों में शिष्य बनाना, वह गुरु का धर्म है।

हो सकता है सामने वाला शिष्य नहीं बन पाए और हो सकता है बहुत जल्दी बन जाए। मगर संसार में यह हनुमान का उदाहरण है कि उन्हें देवताओं से भी अधिक पूजा जाने लगा है। भारतवर्ष में राम के इतने मंदिर नहीं होंगे जितने हनुमान के हैं।

राम, कृष्ण और अन्य देवताओं के इतने मंदिर हैं नहीं। उनके मंदिरों को जोड़कर जो संख्या बनती है उससे भी ज्यादा हनुमान के मंदिर हैं, उस सेवक के मंदिर हैं, उस शिष्य के मंदिर है। इसका तात्पर्य है कि गुरु से भी उच्चकोटि की कोई स्थिति है तो वह शिष्यता है।

जब जीवन का सौभाग्य उदय होता है तो व्यक्ति गुरु नहीं बनता, जब जीवन कापुण्य उदय होता है तो व्यक्ति शिष्य बनता है। हनुमत सैव्य अद्वितीय ग्रंथ है जिसे वास्तव में हमें प्रकाशित करना चाहिए और प्रकाशित करके वितरित करना चाहिए। हो सकता है कोई चिंगारी किसी को लग जाए और सौ दो सौ में कोई एक शिष्य बन जाए। हनुमान के स्वयं के भी कोई अस्सी हजार शिष्य थे। नल, नील, जाम्बवन्त तक ने हनुमान को अपना गुरु माना। यहाँ तक कि सुग्रीव ने भी हनुमान के चरणों में सिर रख कर कहा कि तुम्हारे समान कोई गुरु नहीं बन सकता।

पूर्णत्व परिपूर्ण स्वरूप भवतं हनुमत महां राम वै पूरा
गुरुवैं सहितां पूर्वं शिष्यं गुरु मेवं च उच्यते।

जहाँ गुरु शब्द आएगा वहाँ हनुमान शब्द आएगा और जहाँ शिष्य शब्द आएगा वहाँ भी हनुमान का नाम आएगा।

मगर हनुमान ने कहा है कि मैं गुरु नहीं बनना चाहता हूँ। मैं जितना आनंद शिष्य बन कर के ले रहा हूँ उतना आनंद तो पृथ्वी पर कोई देवता ले ही नहीं सकता।

और हनुमान गुणों के भी सागर थे, ज्ञान के भी सागर थे और चौबीस घंटों में एक बार भी उनके अंदर आलस्य और कुटिलता नहीं आती थी। और ऐसा भाव नहीं आता था, कि अगर हम कल सुबह देर से भी सो कर उठेंगे तो गुरु क्या कर लेंगे? जब आप स्वयं गुरु को कसौटी पर कसना शुरु कर देंगे तो फिर आपका शिष्य भाव, तिरोहित हो ही जाएगा। ऐसा सोचना शिष्य के लिए बड़ा ही ओछापन, घटियापन है कि यदि शिष्य के मन में कुटिलता आए या आलस्य आए।

आप शिष्य बनना चाहते हैं तो आपके अंदर ज्ञान और गुण दोनों आने चाहिए। ज्ञान का अर्थ है कि अंदर एक प्रकाश पैदा होता रहना चाहिए और गुण का अर्थ है कि जो गुरु ने कहा है उन गुणों से हम विभूषित होते रहें। हीरे और मोतियों से विभूषित नहीं। . . . और आलस्य और शिष्यता का आपस में कोई संबंध नहीं है।

केवल 32 मिनट की नींद अपने आपमें संपूर्ण है यदि वह पूर्ण हो। गहराई के साथ हो तो केवल 32 मिनट की नींद पूरे 24 घंटे ऊर्जा प्रदान करती रहती है। हमें तो 32 मिनट से ज्यादा नींद प्राप्त होती है इसलिए आलस्य तो आना ही नहीं चाहिए शिष्य के जीवन में।

शिष्यता तो एक आनंद है, मस्ती है, अपने आपमें, हर क्षण एक तत्परता है। गुरु धीरे-धीरे जड़ होता जाता है। वह बैठा रहता है प्रवचन करता रहता है, विषय उसमें धीरे-धीरे बढ़ते रहते हैं, और रोगों से ग्रस्त होकर, वह समाप्त हो जाता है और अस्सी, परसेंट गुरु ऐसे हुए जो जीवन में अकर्मण्य हो गए, शिष्य भाव उनमें नहीं रहा। और शिष्य भाव नहीं रहा, केवल गुरु भाव रहा, तो अपने आप में रोगों में ग्रस्त होते गए। शरीर तो रोग ग्रस्त हो सकता है पर वे मन से भी रोग ग्रस्त हो गए, क्रोधमय बन गए, चिड़चिड़ापन आ गया, लड़ाई झगड़ों में मन आ गया, वे स्वार्थ में आ गए।

इसीलिए हनुमान ने पहले ही कहा कि मैं शिष्यवत् ही रहना चाहता हूँ। . . . और जब लव और कुश से राम पराजित हो गए, अपने पुत्रों से पराजित हो गए। लव कुश को तो मालूम था ही नहीं। उन्होंने अपने जीवन में पिता को देखा ही नहीं था। लव जब गर्भ में था तभी सीता वाल्मीकि के आश्रम में चली गई थी, वहीं पर वह पैदा हुआ। वहीं पर कुश भी पैदा हुआ और दोनों बड़े हुए। . . . और जब चक्रवर्ती बनने के लिए राम ने अश्व पूरे भारत वर्ष में भेजा कि जो भी इस अश्व को पकड़ेगा वह मेरा शत्रु है और राम को यह भाव था कि मेरा पूरे भारत वर्ष में कोई शत्रु हो ही नहीं, मैं सबको परास्त करूँ और चक्रवर्ती कहला सकूँ। पहले चक्रवर्ती बनने के लिए ऐसी क्रिया करनी पड़ती थी।

और जब वह अश्व दौड़ता वहाँ तक पहुँचा तो लव ने उसे पकड़ लिया। अश्व रुका तो सूचना पहुँची अयोध्या में और राम युद्ध करने के लिए आए और घनघोर युद्ध हुआ। राम जैसा विश्वामित्र का शिष्य और लक्ष्मण के साथ में। जब युद्ध हुआ तो लव कुश ने राम और लक्ष्मण दोनों को बाँध कर गिरा दिया और जाकर माँ को कहा कि चक्रवर्ती बनने के लिए कोई अयोध्या के राजा आए थे और उनको हमने बाँध कर पटक दिया।

सीता चिंतित हो गई और दौड़ कर एकदम आई। देखा तो फड़ाफड़ा रहे थे दोनों। राम भी बँधे हुए, लक्ष्मण भी बँधे हुए। उनकी वीरता धरी रह गई।

सीता ने कहा – यह तुमने क्या कर दिया, यह तुम्हारे पिता हैं।

लव कुश ने कहा – ऐसे हमारे पिता नहीं हो सकते जो हमारी माँ को उठाकर जंगल में फेंक दें। मगर आपने हमें ज्ञान दिया कि हमें शिष्यवत रहना है सदा। इसलिए हम इनको बंधन मुक्त करते हुए इनके चरणों में प्रणिपात करते हैं।

यह एक छोटी सी कथा है पर इस छोटी सी कथा के पीछे तथ्य यह कि शिष्य अपने आपमें बुद्धि बल, शक्ति, शौर्य साहस का प्रतीक होता है। उसमें केवल क्षमा और सेवा के गुण नहीं होते, बल भी होता है, साहस भी होता है, इन चारों चीजों से मिलकर शिष्य शब्द बनता हैं

शिष्य का अर्थ है अपराजेय, यानि वह जीवन में पराजित हो ही नहीं। और बल का अर्थ है शौर्य और साहस। बल का मतलब यह नहीं कि हर किसी से युद्ध करे। बल का अर्थ है यह निश्चय कि मैं जो कुछ करूँगा, करूँगा ही। हर हालत करूँगा। और यह करके दिखा दूँगा। बुद्धि का अर्थ है कि उस कार्य को किस प्रकार किया जाए, उसकी समझ हो। इतनी चतुराई के साथ कार्य हो कि दूसरे लोग अहसास कर सकें कि वास्तव में यह एक शिष्य द्वारा किया गया कार्य है।

इन तथ्यों को लेकर के हनुमत सैव्य ग्रंथ लिखा गया हैं इसका ही एक श्लोक आपके सामने स्पष्ट कर रहा हूँ।

शिष्योर्वतां शिष्य सदैव जीवं प्राणं च आत्मा बल चैव ज्ञानं
चिंत्यं विचिंत्यं देवत्व मदेवंशिष्यत्व रूपं शिष्यत्व दिव्यं।

हनुमान ने कहा है कि शास्त्र बिल्कुल सही हैं और शास्त्रों में लिखा है कि चौरासी लाख योनियों में भटकता हुआ व्यक्ति मनुष्य देह धारण करता है। बड़ी मुश्किल से यह शरीर मिलता है। और मनुष्य देह की विशेषता यह है कि मनुष्य ही सोच सकता है, समझ सकता है, आनंद ले सकता है। देवता नहीं ले सकते, राक्षस भी नहीं ले सकते। इसलिए बड़ी कठिनाई से यह शरीर मिलता है जिसके महत्व को हमने समझा नहीं। हमने समझा ही नहीं कि मनुष्य देह हमने क्यों धारण की, क्या इसकी विशेषता है? जो कुछ प्राप्त कर सकते हैं, हम इस मनुष्य देह में प्राप्त कर सकते है और किसी

अन्य देह के माध्यम से प्राप्त नहीं कर सकते।

और पहले श्लोक का अर्थ है कि ज्योंही हम शिष्य बनते हैं, चौरासी लाख योनियां अलग रह जाती हैं। बाकी सारी योनियां पार हो जाती हैं, बाकी सारी योनियां अपने आप समाप्त हो जाती हैं। फिर मृत्यु के बाद चौरासी लाख योनियों में भटकना नहीं पड़ता। केवल चार योनियां बाकी रह जाती हैं। फिर आने वाले समय में उन चौरासी लाख योनियों में भटकना नहीं पड़ता। केवल चार योनियां बाकी रह जाती हैं यदि हम शिष्य शब्द से विभूषित हो जाएं। और चाहे कुछ न किया, केवल गुरु के चरणों में सिर को झुका दिया। इतना करने से ही चौरासी लाख योनियां चार योनियों में सिमट कर रह जाती है। हो सकता है, फिर मृत्यु हो जाए परंतु फिर केवल चार योनियों में भटकने के बाद मनुष्य शरीर धारण कर सकते हैं। यह अपने आपमें बहुत बड़ी बात, बहुत बड़ा गुण है। केवल गुरु चरणों में सिर झुकाने से इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो जाती है।

और हनुमान ने कहा है कि यह जीवन की श्रेष्ठतम उपलब्धि इसलिए है क्योंकि इन चार योनियों को भी इसी देह में समाप्त कर सकते है जिससे मनुष्य शरीर समाप्त हो ही नहीं।

इस श्लोक में कहा है कि शिष्य का अर्थ है पूर्ण आलस्य विहीन होने की क्रिया। और हनुमान ने कहा है कि मेरा जीवन इस बात का प्रमाण है। एक भी क्षण ऐसा नहीं रहा, जहाँ मैंने प्रमाद किया हो या आलस्य किया हो। राम ने मुझे आज्ञा नहीं भी दी और मुझे मालूम पड़ा कि यह समस्या मेरे गुरु मेरे स्वामी के सामने आ रही हैं, तो मैंने तत्क्षण उस समस्या को दूर किया ही।

।। वंदो गुरुवदं चरण कमल पूर्ण भवत भवतु वै।।

हनुमान कह रहे हैं कि मैं गुरु के चरण कमलों में अपने आपको प्रणिपात करता हुआ, यह हनुमत सैव्य ग्रंथ लिख रहा हूँ।

उन्होंने राम शब्द का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने गुरु कहा। उन्होंने हनुमान और राम का संबंध नहीं लिखा उन्होंने गुरु और शिष्य के संबंध के बारे में लिखा। उन्होंने कहा – इससे ज्यादा पवित्र संबंध संसार में नहीं है। और शिष्य का सबसे बड़ा गुण, अगर वह शिष्य भगवान की तरह पूजा जाए, यदि वह जीवन में बहुत ऊंचाई पर उठ जाए, यदि पूरा विश्व उसका ध्यान करने लग जाए, पूजा करने लग जाए और आप देखेंगे कि संसार के प्रत्येक देश में, चाहे वह ईसाई देश हो या मुसलमान देश हो, हनुमान के मंदिर अवश्य हैं। दुबई में भी राम का मंदिर चाहे न हो पर हनुमान का मंदिर है और हम लोग वहाँ हनुमान की पूजा करते हैं, मुसलमान देशों में भी, ईसाई देशों में भी..... चाहे उनका धर्म अलग है क्योंकि हनुमान अपने आपमें शिष्य का

एक प्रतीक बन गए।

और जो आपके मन में यह चित्र बना हुआ है कि हनुमान का वानर की तरह मुँह है, और पूँछ है, वह तो एक प्रतीक है, वह तो वानर एक जाति थी उस समय, जिस प्रकार ब्राह्मण जाति है, क्षत्रिय जाति है उसी प्रकार उस समय वानर जाति थी। और वे भी उसी प्रकार मनुष्य थे जिस प्रकार तुम और मैं हूँ। उसी प्रकार का चेहरा था, उसी प्रकार के हाथ और पाँव थे, हमने वानर जाति को बंदर समझ लिया और पीछे पूँछ लगा दी। न उनके पूँछ थी न वे वानर थे। लेकिन हमने धीरे-धीरे धारणा बना ली कि वे वानर थे, वानर की पूँछ होनी चाहिए हमने बस पूँछ लगा दी। यह पूँछ हनुमान के कहाँ लगी मुझे मालूम नहीं। मगर यह मुझे मालूम है कि महाभारत युद्ध में भी जब अर्जुन ने कृष्ण को कहा - मैं विजयी होना चाहता हूँ, मैं क्या करूँ? तो कृष्ण ने कहा - अपनी ध्वजा पर हनुमान को स्थापित कर दो। कृष्ण ने एक ही बात कही - तुम्हें विजय ही प्राप्त करनी है तो ध्वजा पर हनुमान का स्थापन कर दो, जिससे प्रत्येक क्षण हनुमान तुम्हारे सामने रहें और उस ध्वजा पर जो हनुमान का चित्र था वह मानव आकृति का था, वानर का नहीं।

यह मैंने एक चिंतन को अपने सामने स्पष्ट किया कि हनुमान मनुष्य रूप में विद्यमान थे।

हनुमान ने कहा कि राम ने आज्ञा दी या नहीं दी, मैंने सदा उनके हित से प्रेरित होकर हर कार्य किया। जब मुझे मालूम पड़ा कि राम को अहिरावण लेकर गया पाताल में -

और ज्योंहि वह अहिरावण राम लक्ष्मण की बलि देने के लिए तैयार हुआ, त्योंही हनुमान वहाँ पहुँच गए क्योंकि हनुमान शिष्य था। उसका ध्येय यही था कि मैं बिना आलस्य के अपने गुरु की रक्षा करूँ, उनके लिए जीवन समर्पित करूँ। जीवन समर्पण करना शिष्य का धर्म और कर्त्तव्य है।

शिष्य का पहला कर्त्तव्य है आलस्य विहीन होना, शिष्य का दूसरा कर्त्तव्य है उस गुरु की रक्षा करना, गुरुत्व की रक्षा करना। मैं गुरु शब्द प्रयोग कर रहा हूँ। कोई राम की रक्षा या नारायण दत्त श्रीमाली की रक्षा करने के लिए नहीं कह रहा हूँ। शिष्य का धर्म है गुरु की रक्षा करना और हनुमान सीधे पाताल लोक में गए और उस अहिरावण को समाप्त करके राम-लक्ष्मण को कंधे पर उठा करके वापस अपने स्थान पर लेकर आ गए। उसको कोई राम ने आज्ञा नहीं दी। राम ने यह नहीं कहा कि यह दानव मुझे पाताल लेकर जा रहा है, तुम मेरे पीछे आओ और छुड़ा कर ले जाओ।

हनुमान अपने आपमें पूर्ण सचेष्ट था, सर्तक था कि कहाँ मेरे गुरु हैं? कहाँ मेरे स्वामी हैं? कहाँ है, और किस जगह है? किस स्थिति में है और मुझे क्या करना है? इसको चतुराई कहते हैं। चतुर का अर्थ है कि शिष्य की पैनी दृष्टि रहती है कि वे गुरु कहाँ पर हैं, किस स्थिति में हैं और उनके प्रति मेरा क्या कर्त्तव्य है और उनको किसी प्रतिकूल स्थिति से बचाना बल का पर्याय है।

इसलिए मैंने कहा – बुद्धि और बल शिष्य के गुण हैं। तुलसी ने कहा है –

कृपा करो गुरुदेव की नाईं

हनुमान मैं आपको गुरुदेव की नाईं स्मरण करता हूँ। बल, बुद्धि में आप अद्वितीय हैं। इसलिए आप सही अर्थों में शिष्य हैं। आपमें बल है, क्षमता है, और बल का अर्थ है कार्य करने की चतुराई। किस तरह से मैं कार्य करूँ जिससे कि वह गुरुत्व बचा रह सके। हर हालत में मुझे गुरुत्व को बचाकर इसलिए रखना है क्योंकि मुझे ये चारों योनियां समाप्त करनी हैं और चारों योनियों को समाप्त करने में गुरु के अतिरिक्त कोई और सहायक नहीं हो सकता संसार में – न राम, न कृष्ण, न इंद्र, न यम, न कुबेर।

इन चार योनियों को गुरु के अतिरिक्त कोई नहीं समाप्त कर सकता। अगर वे कर सकते तो वे स्वयं गुरु को धारण नहीं करते। ऐसा कोई देवता नहीं हुआ जिसने गुरु को धारण नहीं किया हो – चाहे इंद्र हो। उसने बृहस्पति को अपना गुरु बनाया।

इंद्र जो देवताओं का राजा है, वह कहता है – हम बार बार मन से और तन से पराजित हो रहे हैं और हम उच्चकोटि के देवता तभी बन सकेंगे जब हे बृहस्पति! आप पूर्ण गुरुत्व मय रूप में हमारे हृदय में स्थापित हो सकेंगे। मेरे अंदर के अंधकार और आलस्य को दूर करिए अन्यथा राक्षस हम पर हावी होकर हमें समाप्त कर देंगे।

बृहस्पति तो बेचारा अकेला आदमी था, दुबुला–पतला। और ये सारे देवता इतने बलशाली थे ये इन्द्र, विष्णु, ब्रह्मा, महेश, वरुण, यम, कुबेर परन्तु उन्होंने कहा – आप हैं बृहस्पति हमारे अंदर स्थापित, तभी हम देवता कहला सकेंगे।

हनुमान ने भी अपने ग्रंथ के पहले श्लोक में कहा है – गुरु को इसलिए मुझे अपने भीतर स्थापित करना आवश्यक है क्योंकि मैं अपनी चारों योनियों को समाप्त करके इसी जीवन में पूर्णता प्राप्त करूँ।

यजुर्वेद के पहले श्लोक में कहा है कि मनुष्य जीवन एक बुलबुले की तरह है। एक पानी का बुलबुला है जो समुद्र में से उठा, फूँक मारी और समाप्त हो गया। पानी का बुलबुला थोड़ा उठता है और समाप्त हो जाता है. . .ऐसा मनुष्य का जीवन है।

मगर उस मनुष्य के जीवन में एक छटपटाहट है एक वेदना है क्योंकि वह कुछ कर नहीं पाता। उसे अहसास है कि वह कमा भी रहा है तो बेकार है, पुत्र भी पैदा कर रहा है तो बेकार है क्योंकि उसके जीवन में आनंद नहीं है। वह बाजार में घूमता है तो भी आनंद नहीं है और होटल में खाना खाता है तो भी आनंद नहीं है क्योंकि उसके विकार समाप्त नहीं होते, उसमें कुटिलता बनी रहती है और हर बार उसका मन उन कुटिलताओं की ओर अग्रसर होता है और वह छटपटाता है कि कैसे बुद्धि को कीलित करें।

एक बूँद जब सागर से उठती है सूर्य की धूप के कारण भाप बनकर के . . . और जब बादल बनती है तब भी उसमें बहुत छटपटाहट होती है, वह आवाज करती है, तड़पती है।, गरजता है बादल क्योंकि उसे बेचेनी है कि क्या करे कहाँ जाए? हवा उसे उड़ा कर ले जाती है कभी पूर्व कभी पश्चिम और वह बादल डोलता रहता है जैसे मनुष्य डोलता रहता है।

कुछ मालूम नहीं कि करना क्या है, सुबह भागते हैं, दौड़ते हैं ऑफिस पहुँचते हैं, नौकरी करते हैं, दुकान पर बैठते हैं, ग्राहकों को धोखा देते हैं, शाम को आते हैं हारे थके हुए, मरे हुए और बिस्तर पर पड़ जाते हैं। उनको यह पता ही नहीं हम कर क्या रहे हैं, कहाँ सुख है, कहाँ आनंद है कहाँ मस्ती है और मुस्कराहट कहाँ है?

पूरे जीवन में उन्हें मुसकराहट प्राप्त होती ही नहीं क्योंकि उनके जीवन में गुरु ही नहीं है। उनके जीवन में कोई तथ्य नहीं है, आधार नहीं है, अवलंब नहीं है।

उस बादल के मन में भी कहीं खुशी नहीं है। वह उड़ता एक पहाड़ से टकराता है, हिमालय से टकराता है और टकराते ही बादल वापस बदल जाता है एक बूँद में। बादल रहता ही नहीं, एक बूँद बन जाती है टकराते ही।

पहली बार व्यक्ति जब गुरु से टकराता है तो वह भी परिवर्तित हो जाता है, शिष्य बन जाता है . . .और वह बूँद बहने लग जाती है, धीरे धीरे एक धारा का रूप धारण करती है और फिर एक नदी बन जाती है और जितनी छटपटाहट जितनी वेदना उस नदी में होती है, उतनी छटपटाहट और वेदना पूरे संसार में नहीं है। किनारों को तोड़ देती है, क्रोध का एक पुंज बन जाती है, मनुष्यों, जानवरों को बहा कर ले जाती है, गाँव बहा ले जाती है नदी। इस बात की परवाह नहीं करती कि क्या होगा। बस इस बात की चिंता होती है कि मुझे उस जगह मिल जाना है जहाँ से मैं उठी हूँ जहाँ से मेरा प्रादुर्भाव हुआ है। .... और वह दौड़ती हुई समुद्र में मिल जाती है और मिलते ही शांत हो जाती है। उसका दौड़ना भागना, इतना व्यग्र होने की क्रिया कि सब कुछ समाप्त हो जाते हैं।

....और हनुमान कहते हैं कि मनुष्य भी एक बूँद है और उसमें एक छटपटाहट है और संसार का कोई मंत्र, कोई विधि, कोई व्यक्ति उसकी छटपटाहट वह तब समाप्त कर सकता है जब वह गुरु में लीन हो जाए और गुरु को अपने हृदय में धारण कर ले। हर क्षण उसके हृदय में गुरु ही रहे।

और जब हनुमान से पूछा कि तुम कह रहे हो हर क्षण हृदय में गुरु धारण रहना चाहिए, वह कहाँ है? तो हनुमान ने अपना सीना फाड़ कर दिखा दिया कि देख लो मेरे सीने में और कोई चीज नहीं है, बस राम और सीता बैठे हुए हैं। हनुमान ने कहा कि मेरे प्रत्येक रोम में, मेरी प्रत्येक हृदय की धड़कन में एक चेतना पुंज समाहित था कि मेरे हृदय में कोई विकार ही नहीं है, कोई कुटिलता ही नहीं है, केवल है तो वह राम सीता की जोड़ी है, वह गुरुत्व है, उसके अलावा तो हृदय में कुछ रखना ही नहीं चाहता हूँ, क्योंकि मैं सही अर्थों में शिष्य बनना चाहता हूँ, मैं बेचेनी नहीं चाहता, और जब गुरु अंदर हैं तो विकार आ ही नहीं सकता और जब वे अंदर हैं तो मेरी मृत्यु हो ही नहीं सकती। मैं जीवित रहूँगा।

. . .और त्रेता युग से लगाकर आज कई हजार वर्ष बाद भी हनुमान जीवित है। आज भी

हम उनका स्मरण करते हैं, आज भी उनके मंदिर हैं, आज भी उनकी पूजा करते हैं। एक सेवक की पूजा कर रहे हैं, एक दास की पूजा कर रहे हैं, जो राम के चरणों में रहा है, उसकी पूजा कर रहे हैं . . . और राम से भी ज्यादा हनुमान को पूजते हैं।

तुलसी कहते हैं कि हे हनुमान! राम से भी आप ऊँचे हैं, राम से भी आप महान हैं, राम तक पहुँचने के लिए भी केवल आपके माध्यम से होकर गुजरना पड़ता है। राम ने तो कई बाद अपूर्णता दिखाई मगर आपने तो कभी आलस्य दिखाया ही नहीं। एक चिंतन, एक ही विचार कि कहाँ गुरु हैं और मुझे क्या करना हैं किस प्रकार किस युक्ति से, बल और चतुराई से उनकी रक्षा करनी है और अपने जीवन की उन चारों योनियों को समाप्त करना है, क्योंकि न मालूम हम मृत्यु के बाद वापस क्या बनेंगे, किस योनि में जाएंगे, कुछ पता ही नहीं।

मृत्यु तो एक आनंद पूर्ण घटना हैं मृत्यु हो और हम आनंद के साथ उसका वरण कर पाएं। यों गोली खाकर भी लोग मरते हैं ऐसी अकाल मृत्यु हमें नहीं चाहिए। . . . और आपको पता ही नहीं, आपकी मृत्यु कहाँ हो सकती है?

और शिष्य की मृत्यु हो ही नहीं सकती। इसलिए, क्योंकि उसके ह्रदय में गुरुत्व है। और उसने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर ली तो चारों योनियों पर भी विजय प्राप्त कर ली। जब मृत्यु होगी ही नहीं तो फिर योनियां होंगी कहाँ से?

तो हनुमान ने कहा कि जीवन की श्रेष्ठतम जो स्थिति है, वह शिष्य है, और मैं जीवन के अंतिम सांस तक शिष्य ही बना रहना चाहता हूँ, मुझे देवता नहीं बनना।

जब सुग्रीव ने उनकी पूजा करनी शुरु की, जब जाम्बवंत ने हाथ जोड़े तो हनुमान ने कहा – जाम्बवन्त आप हाथ मत जोड़िए। हाथ जोड़कर मुझे नीचे मत गिराइए। मुझे शिष्य बने रहने दीजिए, मुझे गुरु बनना ही नहीं। क्योंकि शिष्य का जो आनंद है, वह गुरु नहीं ले सकता। गुरु अपनी मर्यादाओं में बँधा रहता है, शिष्य खुला रहता है क्योंकि वह निर्भीक होता है, उसको विश्वास होता है कि मेरे ह्रदय में गुरु हैं, मेरी मृत्यु हो नहीं सकती, मृत्यु मेरे सामने आकर कुछ कर नहीं सकती, रोग मुझे हो नहीं सकते, समस्या, बाधा मेरे सामने आ नहीं सकती, क्योंकि ये जिम्मेवारी तो मैं गुरु को सौंप चुका हूँ। मैं अपना तन, मन और प्राण उन्हें सौंप चुका हूँ, वे अपने आप सब करेंगे क्योंकि वे गुरु हैं। मैं तो केवल जिन्दगी में आनंद ही भोगने के लिए बैठा हूँ। . . . और मेरे मन में विकार आएगा ही नहीं क्योंकि मैं पहले ही ह्रदय में गुरु को समाहित कर चुका हूँ।

हनुमान ने कहा कि जीवन की प्रत्येक तत्परता यानि कहा और किया। राम ने कहा – तुम्हें जाकर सीता की सुधि लानी है और बिना सीता के ये प्राण अपने आपमें व्यर्थ है।

तो हनुमान ने कहा – इतनी छोटी सी बात की मुझे कोई चिंता नहीं। माना कि सैकड़ों योजन समुद्र है और रावण है, कुछ भी है परंतु आप मेरे अंदर बैठे हुए हैं, आपका साहस मुझमें है।

और हनुमान ने तुरंत छलांग लगाई। इतना सोचा ही नहीं कि मैं डूब जाऊँगा, समुद्र में गिर जाऊँगा। वह हनुमान भी मनुष्य ही था। वहाँ अशोक वाटिका में जाकर उसका विध्वंस कर दिया, शत्रुओं का नाश कर दिया और

अकेले व्यक्ति ने पूरी लंका को जला दिया। पूँछ में रावण को बाँधकर सिंहासन से गिरा दिया। जहाँ उस रावण के सैकड़ों मंत्री, सेनापति सभी थे। और उसने रावण से कहा – मैं राम का सेवक हूँ, शिष्य हूँ और तुम मेरा कुछ बिगाड़ ही नहीं सकते क्योंकि मेरे हृदय में राम स्थापित हैं, वह बल, बुद्धि, साहस, चतुराई मुझमें हैं।

और रावण को भी इस बात को स्वीकार करना पड़ता है कि तंत्र से भी कोई ऊँची चीज है, तो शिष्यत्व है। मंत्र से भी कोई ऊँची चीज है तो शिष्यत्व है क्योंकि उसमें तत्परता है। तत्परता को शिष्य कहते हैं। शिष्य का अर्थ है, जो निरंतर करता है, और करता है गुरु के लिए, यह शिष्य गुरु का संबंध सबसे ज्यादा पवित्र है। यही सबसे ज्यादा आँखों में आँसू लाने वाला संबंध है। जब भी मैं गुरु को स्मरण करता हूँ तो एकदम आँसू बाहर आने के लिए उद्यत हो जाते हैं और दूसरे क्षण मैं अपने आपको रोकने की कोशिश करता हूँ कि शिष्य क्या सोचेंगे? और मैं मर्यादा में बँधा हुआ अपने आपको रोक लेता हूँ। मेरे मन में एक ही चीज गूँजती है कि कब वह क्षण आएगा जब मैं गुरु के चरणों में पहुँच जाऊँगा, उनकी सेवा करूँगा, उनके चरणों को सहलाऊँगा,उनकी बात सुनूँगा। ऐसा क्षण मेरे भाग्य में कब आएगा? कहाँ मैं उलझा हुआ हूँ? क्या कर रहा हूँ? यह जीवन मेरे क्या काम आएगा? यह मकान, यह वैभव, यह धन, यह सुख, यह सौभाग्य, ये गाड़ियां – ये मेरे क्या काम की हैं?

आज मैं आठ फीट की गाड़ी मैं कैद हो गया हूँ, मैं तो एक पहाड़ से दूसरे पहाड़, हजारों मील, घूमता था, वह ज्यादा श्रेयस्कर था। आज मुझे आठ फीट की गाड़ी में कैद कर दिया गया है, एक बीस फुट के मकान में कैद कर दिया गया है, और कहाँ मैं पूरे हिमालय में विचरण करता था। आज मैं एक कैदी बन कर रह गया हूँ। यह कैसा मेरा दुर्भाग्य है? मैं शिष्य तो हूँ पर शिष्यत्व कर नहीं पा रहा हूँ, उस आनंद को नहीं ले पा रहा हूँ। वह जीवन का श्रेष्ठतम आनंद है, यह मेरे जीवन की न्यूनता है और मैं अपने गुरुदेव को कहता भी हूँ कि आपने मुझे कहाँ धकेल रखा है? बहुत हो गया, जो मुझे काम करना था कर लिया, अब आप और किसी योगी या संन्यासी को भेज दें, मैं आपके चरणों में रहना चाहता हूँ कुछ और ज्ञान प्राप्त करना चाहता हूँ। और आधे घंटे तक मैं प्रार्थना करता हूँ तो भी वे यही कहते हैं – नहीं निखिल! तुम्हें वहीं काम करना है।

शायद उनके मन में कोई और तथ्य होगा। यह उनकी श्रेष्ठता है कि वे मेरे माध्यम से कुछ कार्य करा रहे हैं। पर यह मेरा दुर्भाग्य है कि मैं उनके चरणों में रहकर उनकी सेवा नहीं कर पा रहा हूँ। यह छटपटाहट है, वेदना है, यह बेचैनी है – इस बेचैनी को मैं ही समझ सकता हूँ और कोई नहीं समझ सकता। उनकी आज्ञा पालन करना मेरा धर्म और कर्त्तव्य है। मुझे आग में जलना पड़ा तो भी जलता ही रहूँगा। और मेरी विनय को उनको सुनना ही पड़ेगा। हर बार मैं कहता हूँ कि बहुत हो गया।

कभी आपके मन में करुणा व्याप्त होनी चाहिए कि वह आदमी बहुत जल चुका – आलोचनाओं से, विपत्तियों से, उन शिष्यों की न्यूनताओं से, घटियापन से। मैं शिष्य रहा हूँ और मैंने देखा है और मैंने शिष्यों का घटियापन भी देखा है और मेरा मन कचोट करके रह जाता

है कि मैं इनको कैसे समझाऊँगा? और शिष्यों के घटियापन को देखता हूँ तो मन टूट कर, बिखर कर रह जाता है और मन इतना बेचैन हो जाता है कि मैं सोचता हूँ, मुझे यहाँ से उठकर चल देना चाहिए।

यह भाव मैं गुरुदेव के आगे रखता भी हूँ और आधे पौने घंटा सुनने के बाद वे कहते हैं, तुम्हें अभी वहीं काम करना है। और मैं मन मार कर वापस आप लोगों के बीच आ जाता हूँ जबकि मैं सदा अपने गुरुदेव के साथ रहना चाहता हूँ।

और यही बात हनुमान कहते हैं मैं एक क्षण भी राम से अलग रहना नहीं चाहता। वे अयोध्या में रहें तो मैं अयोध्या में रहूँ, वे जंगल में रहें तो मैं जंगल में रहूँ। अगर उन्होंने कहा है कि सीता की सुधि लानी है तो मुझे लानी है, चाहे कहीं भी हो संसार में। राम ने ऐसी कोई आज्ञा दी नहीं थी कि तुम्हें लंका जाना है, अशोक वाटिका को उजाड़ना है यालंका को जलाना है। यह तो हनुमान की चतुराई थी। राम ने तो केवल काम सौंपा था कि तुम्हें यह काम करना है। हनुमान ने कहा – आप कहें तो सीता को ले आऊँ।

राम ने कहा – तुम्हें यह काम नहीं करना है, तुम्हें केवल यह मुद्रिका देनी है, और सीता की निशानी लानी है। यह मैं समझता हूँ कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूँ।

हनुमान ने कहा कि गुरु आज्ञा दें तो शिष्य तत्पर रहे। प्रमाद रहित और आलस्य से रहित होकर के निरंतर एक ही आज्ञा के पालन के लिए तत्पर हो जाना और पूर्ण रूप से हृदय में गुरुत्व को स्थापित कर देना, यह शिष्य का धर्म और कर्तव्य है। जब गुरु हृदय में स्थापित होगा तो मन में कुटिलताएं नहीं पैदा होंगी फिर मन में छल नहीं पैदा होगा, पाखंड पैदा नहीं होगा।

और अगर आपके मन में पाखंड और छल है तो फिर आप शिष्य भी नहीं है। शिष्य हैं तो आपको फिर छल, धूर्तता से ऊपर उठना होगा। मैं तो आपको उस जगह पहुँचाना चाहता हूँ जो साधना की उच्चतम भूमि है। उन साधनाओं को आपको देकर मैं वहाँ आपको पहुँचा देना चाहता हूँ जो कि उच्चतम और श्रेष्ठतम स्थिति है। शिष्यों को मैं उस ऊंचाई पर पहुँचाना चाहता हूँ, जहाँ से वे सिद्धाश्रम पहुँच सके, जहाँ पर वे जीवन के आनंद को प्राप्त कर सकें। मैं चाहता हूँ कि एक छलांग से शिष्यों को वहाँ तक पहुँचा दूँगा। मैं इसमें निरंतर प्रयत्नरत हूँ।

मैं कोई आप से सेवा नहीं चाहता हूँ। सेवा चाहता तो पाँच-पाँच सौ के दस बारह नौकर रख लूँगा। मेरा कार्य चलता रहेगा। प्रश्न यह नहीं है। प्रश्न यह है कि आप मेरे पास हैं तो मैं आपको क्या दे पाया। . . .और दे तब पाऊँगा जब आप हृदय में गुरुत्व को धारण करेंगे।

और हनुमान कहते हैं कि जब हृदय में गुरु स्थापित होते हैं तो फिर कोई कार्य असंभव रहता ही नहीं। फिर ६०० घंटों का काम शिष्य २४ घंटों में कर लेता हैं मगर यह तब हो सकता है जब शिष्य आलस्य, प्रमाद से रहित हो और उसके हृदय में गुरु स्थापित हों।

अगर बड़ी सितार के पास छोटी सितार रख दें और बड़ी सितार को बजावें, तो छोटी सितार अपने आप झंकृत हो जाती है, यदि बड़े कुण्ड में अमृत भरा हुआ हो और पास में ही छोटा कुण्ड बना दिया जाए तो अन्दर ही अन्दर सिंचित होकर छोटा कुण्ड भी लबालब भर जाता है।

ठीक इसी प्रकार यदि शिष्य गुरु साधना को ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य मान कर पूरी तरह से उस साधना में उतर जाता है तो गुरु के पास जितनी सिद्धियां होती हैं, जितनी साधनाएं होती हैं, जितनी यौगिक क्रियाएं होती हैं, वे स्वतः ही शिष्य के शरीर में उतर जाती हैं, उसे कुछ भी करने की जरूरत नहीं होती। लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि शिष्य अपने अस्तित्व को समाप्त कर दे। स्व का विसर्जन कर दे, अपना नाम, पद, श्रेष्ठता के भावों को तिरोहित कर दे। विनम्रता से गुरु की प्रत्येक आज्ञा का पालन करे। जहाँ घमण्ड है वहां शिष्यता नहीं है।

हनुमान ने कहा – राम! आप मेरे गुरु हैं, जीवन का प्रत्येक क्षण आपको समर्पित है। . . .और आप मुझे एक वरदान दें। कभी भी आप मुझे गुरु नहीं बनाएं। कभी ऐसी आज्ञा नहीं दें कि मैं उन वानरों के बीच जाकर गुरु बनूँ और प्रवचन दूँ। चाहे मैं कितना ही ज्ञानवान हूँ, गुणों का सागर हूँ मगर मैं आपके चरणों में ही जीवन की आखिरी सांस लेना चाहता हूँ क्योंकि यह मेरे जीवन का अद्वितीय आनंद है।

जब राम अयोध्या वापस लौटे पुष्पक विमान से तो सरयू के किनारे उतरे जहाँ भरत तपस्या कर रहा था। भरत से मिले और जो वानर सेना साथ आई थी उन सबसे कहा कि तुम वापस जाओ हनुमान तुम भी जाओ। . . . तो हनुमान ने कहा – मैं सरयू में कूद कर प्राण त्याग सकता हूँ पर आपको नहीं छोड़ सकता। यह मेरे लिए संभव नहीं है। जहाँ आप हैं वहाँ मैं हूँ। मैं रहूंगा आपके चरणों में ही हर क्षण। एक भी क्षण ऐसा नहीं होगा कि आपको तकलीफ हो जाए और तकलीफ हो जायेगी तो उससे पहले हनुमान मर जाएगा, कट जाएगा। मैं ऐसा कलंक अपने सिर पर नहीं लेना चाहता हूँ, क्योंकि मैंने आपको गुरु धारण किया है।

हनुमान कहते हैं कि शिष्य बनना जीवन का श्रेष्ठतम आनंद है, एक अपूर्व मस्ती है यदि उसके हृदय में गुरु स्थापित हैं और हनुमान ने सीना फाड़कर सबको दिखा दिया कि देख लो, कोई विकार, कोई छल, कोई कपट नहीं है मेरे सीने में, हैं तो केवल गुरु स्थापित हैं। और जब वो स्थापित हैं तो कुछ न्यूनता नहीं रह सकती।

इतनी उच्चकोटि की भाव भूमि पर जब शिष्य पहुँचता है, जब उसके मन में चौबीस घंटे चिंतन रहता है कि यह जो कार्य गुरु ने सौपा है यह कोई उनका कार्य नहीं है। यह कार्य वे किस प्रयोजन से कर रहे हैं यह समझने की बात है और गुरु इसलिए कार्य सौंपते है कि वे चारों योनियों को समाप्त कर देना चाहते हैं।

मैं भी नहीं चाहता कि मेरे किसी शिष्य को चारों में से किसी योनी में जन्म लेना पड़े। मैं नहीं चाहता कि संसार में आपको उलझना पड़े। हनुमान भी चाहते तो शादी कर सकते थे, संतान पैदा कर सकते थे। उन्होंने सोचा, ऐसे तो शिष्यत्व धर्म समाप्त हो जाएगा मेरा। ये तो जीवन के बंधन हैं, जीवन में एक ही बंचन रहे . . . –

गुरुत्वं त्वमेवं,
गुरुत्वं त्वमेवं।

हे गुरुदेव! तुम हो और तुम्हारे मेरे बीच हवा भी पार नहीं हो पाए, इतने हम एक दूसरे से जुड़ जाएं। इतने जब प्राणों से जुड़ जाएं तो गुरु शिष्य का संबंध होता है।

शिष्य का अर्थ है मस्ती, शिष्य का अर्थ है आनंद, शिष्य का अर्थ है उंचाई, शिष्य का अर्थ है श्रेष्ठता और शिष्य का अर्थ है पूर्ण समर्पण। . . .और गुरु का अर्थ है तनाव झेलना क्योंकि शिष्य को कहाँ पहुँचाना है यह तनाव उसे होता है।

आप सही अर्थों में शिष्य बन पाएं और हनुमान की तरह गुरु को हृदय में स्थापित करते हुये जीवन का पूर्ण आनंद प्राप्त कर पाएं, ऐसा ही मैं हृदय से आशीर्वाद देता हूँ, कल्याण कामना करता हूँ –

पूज्यपाद सद्गुरुदेव डॉ. नारायणदत्त श्रीमाली जी
(परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानन्द जी)

'नारायण मंत्र साधना विज्ञान' पत्रिका आपके परिवार का अभिन्न अंग है। इसके साधनात्मक सत्य को समाज के सभी स्तरों में समान रूप से स्वीकार किया गया है, क्योंकि इसमें प्रत्येक वर्ग की समस्याओं का हल सरल और सहज रूप में संग्रहित है।

परामबा माँ जगतजननी माँ भुवनेश्वरी दस महाविद्याओं में से एक है तथा अपने साधक को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों को प्रदान करने में समर्थ हैं। माँ भुवनेश्वरी की साधना से वाक् सिद्धि प्राप्त होती है, समस्त विद्याओं में श्रेष्ठता प्राप्त होती है, कला, विज्ञान आदि क्षेत्रों में पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। दरिद्रता का नाश होकर सौभाग्य का हृदय होता है तथा शत्रुओं, विरोधियों व समस्त प्रकार की विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त होती है। मंत्र सिद्ध प्राण प्रतिष्ठित भुवनेश्वरी यंत्र में भगवती भुवनेश्वरी की समस्त शक्तियाँ समाहित होती हैं, जिसके स्थापन पश्चात्, यदि इस पर भुवनेश्वरी मंत्र 'ह्रीं' का जप किया जाए तो साधक को माँ भुवनेश्वरी की तत्काल कृपा प्राप्त होने लगती है। 'मंत्र महार्णव' में तो यह भी कहा गया है कि जिस घर में भुवनेश्वरी यंत्र स्थापित होता है, वह घर स्वर्ग के समान होता है।

भुवनेश्वरी यंत्र

विधान

मंत्र : ह्रीं

आने वाले किसी भी बुधवार को इस यंत्र को ताम्र प्लेट में पीला कपड़ा बिछाकर उस पर स्थापित करें। फिर अक्षत, कुंकुम, पुष्प, धूप से पूजन करें एवं दूध से बना प्रसाद अर्पित करें और फिर उपरोक्त मंत्र का 10 मिनट तक मंत्र जप 30 दिनों तक करें। फिर यंत्र को पूजा स्थान में स्थापित कर दें।

जीवन में अनेक ऐसे क्षण आते रहते हैं, जब हमें यह अनुभव होता है, कि काश हमें अपने श्रेष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त होता...

.....और ऐसे अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं, जब श्रेष्ठजनों की कृपा प्राप्त कर स्वयं को और अधिक दृढ़ अनुभव करते हैं। हमारी यह दृढ़ता तब और भी अधिक दृढ़ हो जाती है जब हमारे ऊपर गुरु कृपा हो जाएं, क्योंकि किसी भी साधक के लिए, शिष्य के लिए गुरु कृपा से बढ़कर कोई कृपा नहीं है।

गुरु कृपा प्राप्ति के लिए

माह की 21 तारीख को या किसी भी गुरुवार को साधक प्रातः पीला वस्त्र बिछाकर चावल की ढेरी पर 'सिद्धाश्रम गुटिका' स्थापित करें फिर पीले पुष्पों से पूजन करें। दीपक जलायें एवं गुरु माला से निम्न मंत्र का 11 माला मंत्र जप करें। फिर मंत्र जप की समाप्ति के बाद उसे धारण कर लें -

ॐ गुरुत्वं देवत्वं पूर्ण चैतन्यं दर्शय दर्शाय ॐ

OM GURUTVAM DEVATVAM POORNA
CHEITANYAM DARSHAY DARSHAAY OM

साधक को चाहिए कि नित्य पूजन में उपरोक्त मंत्र का 11 बाद उच्चारण करें, फिर चालीस दिनों तक गुटिका को किसी नदी में प्रवाहित कर दें।

सिद्धाश्रम गुटिका : 150/-
गुरु माला : 300/-

लक्ष्मी तंत्र में बताया गया है, कि स्वयं कुबेर ने इस साधना के माध्यम से लक्ष्मी को अनकूल बनाया था।

महर्षि विश्वामित्र ने अक्षय तृतीया के अवसर पर लक्ष्मी को पूर्णता के साथ प्रत्यक्ष प्रगट किया था, स्वयं गोरखनाथ ने एक स्थान पर कहा है, भले ही अन्य सारे प्रयोग असफल हो जायें, भले ही साधक नया हो, भले ही उसे स्पष्ट मंत्रों का उच्चारण ज्ञात न हो या उसे पूजा पद्धति की जानकारी न हो, परन्तु यदि अक्षय तृतीया के अवसर पर इस अक्षय लक्ष्मी साधना को सम्पन्न करता है, तो उसे जीवन में सभी दृष्टियों से पूर्ण अनुकूलता एवं लाभ प्राप्त होता है। इसलिए तो साधक अक्षय तृतीया की प्रतीक्षा करते रहते हैं। राजस्थान और गुजरात में तो अक्षय तृतीया को श्रेष्ठ मुहूर्त मान लिया जाता है, और वे यह मानते हैं कि अक्षय तृतीया के लिये किसी मुहूर्त, योग या ज्योतिष की आवश्यकता नहीं होती, इस दिन जो भी प्रयोग किया जाता है वह अपने आप में पूर्ण सफल होता है और इसलिए अक्षय तृतीया के दिन बिना मुहूर्त देखे ही सैकड़ों विवाह सम्पन्न होते हैं।

अक्षय लक्ष्मी साधना

इस वर्ष अक्षय तृतीया 14.5.21 को सम्पन्न हो रही है,

अत: यह अक्षय लक्ष्मी साधना इस दिवस पर अवश्य सम्पन्न की जानी चाहिए, यह रात्रिकालीन साधना है, यह अचूक साधना है और यह सफलतायुक्त साधना है।

साधना समय

शास्त्रों में बताया गया है कि यों तो यह प्रयोग अक्षय तृतीया को ही सम्पन्न किया जाना चाहिए, परन्तु यदि किसी कारणवश अक्षय तृतिया को यह प्रयोग सम्पन्न न हो सके तो किसी भी अमावस्या की रात्रि को यह प्रयोग सम्पन्न किया जा सकता है, और इसका अनुकूल फल प्राप्त किया जा सकता है।

साधना सामग्री

इसके लिए कोई विशेष साधना सामग्री की आवश्यकता नहीं होती। निम्न वस्तुओं की जरूरत होती है – **1. अक्षय लक्ष्मी चित्र, 2. भगवती अक्षय लक्ष्मी महायंत्र - जो इंद्रकृत विधि से सिद्ध और चैतन्य हो, 3. कमलगट्टे की माला, 4. तांत्रोक्त नारियल।**

इसके अलावा जल पात्र, केसर, चावल, नारियल, दूध का बना हुआ प्रसाद, फल, शुद्ध घृत का दीपक आदि की व्यवस्था भी पहले से ही कर लेनी चाहिए।

साधना प्रयोग

अक्षय तृतीया की रात्रि को अर्थात् इस वर्ष 14.5.21 की रात्रि को कोई भी साधक अकेले या अपनी पत्नी के साथ साधना सम्पन्न कर सकता है, रात्रि का तात्पर्य सूर्यास्त से सूर्योदय तक होता है।

इससे सम्बन्धित विशिष्ट सामग्री पहले से ही मंगा कर रख लेनी चाहिए जिससे कि समय पर इसका उपयोग किया जा सके, इसमें अक्षय लक्ष्मी महायंत्र अपने आप में अद्वितीय होता है, क्योंकि इसे विशेष रूप से सिद्ध और चैतन्य किया जाता है। इस यंत्र पर लक्ष्मी के सभी रूपों की पूजा एक साथ हो जाती है, क्योंकि इसमें योगी मत्स्येन्द्र नाथ ने लक्ष्मी के जिन-जिन रूपों की व्याख्या की है, उन सभी के मंत्रों से इसे सिद्ध और चैतन्य बनाया जाता है।

सामने पात्र में त्रिगंध से स्वस्तिक का चिह्न बना कर उस पर महायंत्र को स्थापित कर दें और इस महायंत्र पर नौ स्थानों पर त्रिगंध से बिन्दियां लगावें और फिर यंत्र के सामने नौ गुलाब के पुष्प या किसी भी प्रकार के पुष्प समर्पित करें। इसके साथ ही **तांत्रोक्त नारियल** स्थापित करके तिलक करें।

फिर सामने दूध का बना हुआ प्रसाद का भोग लगावें, नारियल को स्थापित करें और फल, दक्षिणा आदि समर्पित करें।

इसके बाद यंत्र के आगे शुद्ध घृत के छोटे-छोटे नौ दीपक लगावें, जिनका मुंह साधक की ओर हो। इसके बाद साधक निम्न मंत्र की नौ माला मंत्र जप करे, यह मन्त्र भले ही छोटा सा दिखाई दे, पर यह बीज रूपेण होने की वजह से अपने आप में ही सिद्ध और अलौकिक है, इसमें कमलगट्टे की माला का ही प्रयोग किया जा सकता है, इसके अलावा अन्य किसी भी माला का प्रयोग न करें और **यदि कमलगट्टे की माला पहले किसी अन्य प्रयोग में उपयोग की हुई है, तो उस माला का भी प्रयोग वर्जित है।**

अक्षय महालक्ष्मी मन्त्र

।। ॐ ऐं ऐं अक्षय लक्ष्मी ऐं ऐं नमः ।।

जब नौ माला मन्त्र जप हो जाए, तब सामने किसी पात्र में अग्नि लगा कर घृत और कमलगट्टे से 101 आहुतियाँ उपरोक्त मन्त्र से ही दें, इसमें एक चम्मच में शुद्ध घृत तथा एक कमल का बीज अर्थात् कमलगट्टा लेकर उपरोक्त मन्त्र का उच्चारण कर अग्नि में समर्पित कर दें, आप चाहे तो आपने **जिस माला से मन्त्र जप सम्पन्न किया है, उसी कमलगट्टे का प्रयोग इस यज्ञ में कर सकते हैं अथवा पहले से ही एक कमलगट्टे की अन्य माला या 101 कमल बीजों को प्राप्त कर उनका प्रयोग कर सकते हैं।**

जब यह हवन सम्पन्न हो जाय, तब साधक को चाहिए, कि कपूर से भगवती लक्ष्मी की आरती पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न करें।

आरती के बाद साधक सामने रखे हुए प्रसाद को पूरे घर के सदस्यों में वितरित करें और भक्ति भाव से अक्षय महालक्ष्मी महायंत्र को प्रणाम करें और उसे घर के पूजा स्थान में स्थापित कर दें एवं तांत्रोक्त नारियल रात्रि में ही किसी चौराहे पर या किसी मन्दिर में जाकर रख दें।

वास्तव में ही यह दुर्लभ और अद्वितीय साधना है, जिसे प्रत्येक साधक को सम्पन्न करनी ही चाहिए।

न्यौछावर - 600/-

श्यामलांगी साधना

रस विलास की एकमात्र साधना है

मातंगी महाविद्या

दस महाविद्या स्वरूपों में देवी का एक स्वरूप है भगवती मातंगी। जो स्वरूप है सुख, आनन्द और विलास का... जीवन के रस प्रधान तत्वों का पूर्ण रूप से जागरण सम्भव है तो मातंगी उपासना से ही, क्योंकि रस-विलास भी तो जीवन की एक मूलभूत स्थिति है....

भगवान शिव का ही एक नाम मतंग भी है और ऐसे मतंग स्वरूप शिव की शक्ति है भगवती मातंगी।

विलास जीवन का हो या वाणी का, विलास के अभाव में जीवन का कोई अर्थ ही नहीं क्योंकि विलास ही जीवन का सौन्दर्य है।

विलास का तात्पर्य है जीवन की समस्त कलाओं के प्रति रसमय होने की मानसिकता प्राप्त करना, क्योंकि जीवन में केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं, यदि धन आवश्यक है तो उसके साथ आनन्द भी परम आवश्यक है।

देवी के उग्र स्वरूपों की आराधना भी अपूर्ण है यदि हृदय में मातंगी का विलास नहीं है। गृहस्थ जीवन को सुखी बनाने में तो मातंगी साधना की कोई समता ही नहीं और मातंगी ही वाणी-विलास की भी देवी है।

एक रूप में इनको मतंग मुनि की कन्या माना गया है और इसी कारणवश उन्हें मातंगी कहा गया है। श्याम स्वरूपा मातंगी का रूप तो प्रत्येक देवी से निराला, मां भगवती जगदम्बा के सामान्य सभी स्वरूपों से अलग, न गौरवर्णीय, न महाकाली के समान कृष्ण वर्णीय अपितु श्याम वर्णीय यह देवी सौन्दर्य और परिष्कृत भावनाओं की साकार प्रतिमूर्ति ही तो है।

माणिक्य में निर्मित वीणा को बजाती हुई आह्लादित करने वाली, माधुर्य युक्त शब्द ध्वनित करने वाली, इन्द्रनील मणि के समान कोमल अंगों वाली मतंग ऋषि की कन्या देवी मातंगी का मैं मानसिक स्मरण करता हूं।

अंजनी पुत्र हनुमान अतुलनीय पराक्रमी और सर्वाधिक साहसी हैं। इनकी साधना-आराधना करने से समस्त दुष्ट शक्तियाँ, प्रेत-बाधाएँ तथा जीवन में आने वाली सभी परेशानियाँ स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

श्री हनुमान को बजरंग बली, महावीर और पवनपुत्र भी कहा जाता है। इनकी साधना तो स्वयं महाप्रभु श्रीकृष्ण ने अर्जुन से सम्पन्न करवायी थी। कृष्ण ने अर्जुन को 'हनुमतकल्प' का तांत्रोक्त विधान समझाते हुए कहा था कि यदि तुम पवनपुत्र की कृपा प्राप्त कर लोगे तो रणभूमि में ही नहीं, अपितु जीवन के किसी भी विपत्ति भरे क्षण में भी विजय व यश तुम्हें ही प्राप्त होगा। वैसे तो श्री हनुमान जन-जन के मानस में व्याप्त हैं ही, क्योंकि प्राय: देखा गया है कि जब भी किसी पर थोड़ा सा भी संकट आता है, तो वह अपने आप हनुमान चालीसा का पाठ करने लगता है। यहाँ तक कि यदि छोटा सा बच्चा भी अकेले कहीं से गुजर रहा हो, सुनसान रास्ता हो या हल्का अंधकार हो तो वह भी जोर-जोर से बोलने लगता है-'भूत पिशाच निकट नहीं आवे...'

इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि हनुमान हमारे जीवन में, साहस के सम्बल के रूप में प्रतिक्षण साथ-साथ रहते ही हैं। इन्हें श्री हनुमान की साधना का 'तांत्रोक्त हनुमत कल्प' हमें प्राप्त हुआ पूज्य गुरुदेव द्वारा। जब हम सभी लोग सम्पूर्ण भारतवर्ष की यात्रा कर, अन्त में आध्यात्मिक नगरी काशी में पहुँचे। वहाँ पर **'संकट मोचन मंदिर'** में पूज्यपाद गुरुदेव ने अत्यन्त कृपाकर, संकटनाशक श्री हनुमान की साधना सम्पन्न करायी। उस दिन सौभाग्यवश मैं भी वहाँ था, और मैं उस समय बहुत अधिक उल्लसित हुआ, जब उन्होंने इस अत्यधिक गोपनीय साधना को सम्पन्न कराने की घोषणा की, क्योंकि मैं तो अपना इष्ट हनुमान जी को ही मानता हूँ। उन्होंने मेरे जीवन में आने वाली अनेक बाधाओं और परेशानियों से मुक्ति दिलाई है।

साधना प्रारम्भ करने से पूर्व गुरुदेव ने इस साधना में ध्यान रखने योग्य सावधानियों का वर्णन किया, जिसे उस समय मैंने अपनी डायरी में लिख लिया था। उस ज्ञान से सभी लाभ प्राप्त कर सकें, अत: उसे यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ-

1. हनुमान साधना यदि अनुष्ठान के रूप में करें तो पूरे साधनाकाल में पूर्णत: ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।
2. **'हनुमान विग्रह या यंत्र'** जिस पर भी साधना सम्पन्न की जाए उसे जल और पंचामृत से स्नान कराने के उपरान्त तिल के तेल में सिन्दूर मिलाकर लगाना चाहिए।
3. हनुमान साधना में लाल पुष्प, लाल वस्त्र तथा लाल आसन का प्रयोग करना चाहिए।
4. नैवेद्य के रूप में गुड़ और रोटी का चूरमा अथवा बेसन के लड्डू चढ़ाने का विधान है।
5. यह साधना दक्षिणाभिमुख होकर सम्पन्न करनी चाहिए।
6. श्री हनुमानजी की साधना स्त्री, पुरुष, बालक कोई भी कर सकता है। हाँ! यह अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि रजस्वला स्त्री यह साधना न करे और न ही उस कक्ष में जाये, जहाँ हनुमान अनुष्ठान हो रहा हो।
7. मंत्र जप प्रात:, सांय अथवा रात्रि में जब भी व्यक्ति को अवसर मिले कर सकता है।
8. हनुमान उपासना में चरणामृत नहीं चढ़ाया जाता है।
9. इन्हें तुलसीदल अत्यधिक प्रिय है, अत: तुलसी की पत्ती चढ़ाते हैं।
10. हनुमत कल्प प्रयोग के लिए मंगलवार का दिन अत्यधिक उपयुक्त होता है।

इस प्रकार सावधानियों से अवगत कराकर, गुरुदेव ने हमें एक अत्यधिक गोपनीय मंत्र दिया और उसके प्रयोग की विधि निम्न प्रकार से स्पष्ट की-

अपने सामने लाल वस्त्र बिछाकर 'संकट निवारक यंत्र' स्थापित करें और तिल के तेल में सिन्दूर मिलाकर यंत्र पर आठ बिन्दियाँ लगायें। फिर ध्यान करें-

अतुलित बलधामा हेमशैला भ देहं
दनुजवनकृशानुं जातिनामाग्रगण्यम्।
सकलगुण निधान वानराणामधीशं
रघुपति प्रियभक्तं वातजातं नमामि।।

इस प्रकार मंत्र बोलकर मन में यह भावना लायें कि श्री हनुमान की दिव्य और बलवान शक्तियाँ मेरे हृदय व शरीर में प्रवेश कर रही हैं। मेरे चारों तरफ के अणु उत्तेजित होकर, सशक्त वातावरण का निर्माण कर रहे हैं और मेरी मन: शक्ति को बढ़ा रहे हैं।

फिर मूलमंत्र का उच्चारण करते हुए आठ लाल पुष्प अर्पित करें। फिर अपनी परेशानियों को नम्रतापूर्वक बोलते हुए उनसे मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें। तत्पश्चात 'रक्तवर्णीय माला' द्वारा निम्न मंत्र का आठ माला मंत्र जप सम्पन्न करें-

मंत्र

ॐ हुं हुं हनुमतये फट्

साधना **27.04.21 या किसी मंगलवार** को प्रारम्भ करें, लगातार आठ दिन तक नित्य यंत्र पर पुष्प अर्पित करें तथा तेल का दीपक प्रज्वलित करें और आठ माला मंत्र जप करें। नौंवे दिन यंत्र तथा माला को जल में विसर्जित कर दें।

इस प्रकार हनुमत कल्प प्रयोग सम्पन्न करने वाले साधक के जीवन में विद्या, धन, राज्यबाधा और शत्रुबाधा समाप्त हो जाती है तथा जो कुछ भी साधक की इच्छा होती है, उसे वह वर प्राप्त होता ही है।

साधना सामग्री - 450/-

नाम–संस्कृत–हिंगु। हिन्दी–हींग। गुजराती–हींग। बंगाल–हींग। मराठी–हींग। कश्मीर–अंजुदान।

वर्णन–हींग एक प्रकार के वृक्ष का दूध होता है। यह दूध जमकर गोंद की शकल में हो जाता है। इसके वृक्ष ईरान में बहुत होते हैं और यह ईरान से ही भारत में बिकने को आती है। जो हींग कुछ कालापन लिये भूरे रंग की, उग्र गन्धयक्त, अत्यन्त तीक्ष्ण स्वादवाली और त्वचा पर लगाने से जलन उत्पन्न करने वाली होती है वही उत्तम होती है। उसे हीरा हींग कहते हैं।

गुण, दोष और प्रभाव–आयुर्वेदिक मत से हींग पित्तजनक, गरम, ह्रदय को हितकारी, कड़वी, सारक, चरपरी, हलकी, तीक्ष्ण, रुचिकारक, पाचक, अग्निदीपक, स्निग्ध, मलस्तम्भक तथा श्वास, खाँसी, कफ, आफरा, गुल्म, शूल, ह्रदय रोग,अजीर्ण, कृमि और उदर रोग को नष्ट करती है।

हींग का उपयोग भारत में कई सौ सालों से मसाले के रूप में किया जाता है। दाल, सब्जी या साधारण खाने में हींग का छौंक स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। यह सिर्फ रसोई में ही उपयोग के लिए नहीं है, यह एक बेहतरीन औषधि भी है।

महर्षि चरक के अनुसार हींग दमा के रोगियों के लिए रामबाण औषधि है। कफ का नाश करने, गैस में राहत हेतु, पक्षाघात के रोगियों के लिए, आँखों के लिए बेहद लाभदायक होती है।

- सौंठ, काली मिर्च, छोटी पीपल, अजवाइन, सफेद जीरा, काला जीरा, शुद्ध घी में भुनी हींग और सेंधा नमक सब समान मात्रा में बारीक पीस लें। इस चूर्ण को रोजाना खाने के बाद 2 ग्राम/ 4 ग्राम की मात्रा में पानी से लें, नियमित सेवन से गैस की समस्या समाप्त होती है।
- हींग पानी में घोलकर नाभि के आसपास लेप करने से या घी में भुनी हींग शहद में मिलाकर खाने पेट दर्द में आराम मिलता है।
- हींग चने की बराबर का टुकड़ा निगल लेने से पेट दर्द में बहुत जल्द लाभ होता है।
- पेट दर्द में 2 ग्राम हींग आधा किलो पानी में उबालें चौथाई बचे तो इसे हल्का गर्म कर पी लें।
- हींग पानी में मिलाकर घुटनों पर लेप करने से घुटनों का दर्द ठीक होता है।
- दांत दर्द में दर्द वाले स्थान पर हींग लगायें, राहत मिलेगी।
- हींग पानी में उबाल कर कुल्ला करने से दांत दर्द में राहत मिलेगी।
- शुद्ध हींग पानी में घोलकर कुछ बूंदें रोजाना नाक में डालें, माइग्रेन से छुटकारा मिल जायेगा।
- पसलियों में दर्द हो तो पानी में घोल कर पसलियों में लेप करें, आराम मिलता है।
- बच्चों का न्यूमोनिया में हींग का पानी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में देते रहने से बहुत आराम मिलता है।
- हींग के नियमित प्रयोग से महिलाओं के गर्भाशय का संकुचन होता है और मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती है।
- गन्ने के रस में सिरके के साथ थोड़ा हींग पाउडर मिलाये। सुबह-शाम दाद पर लगायें कुछ ही दिनों के प्रयोग से दाद खत्म हो जायेगा।
- यदि कोई जहर खा ले तो उसे तुरंत हींग का पानी पिलाएं ऐसा करने से उल्टी के द्वार जहर बाहर निकल जाता है और जहर का प्रभाव कम हो जाता है।

- हिस्टीरिया के रोगी को हींग सुंघाने से तुरंत होश आ जाता है।
- हींग का नियमित प्रयोग निम्न रक्तचाप और दिल की बीमारियों में लाभदायक है।
- अगर किसी जख्म पर कीड़े पड़ गये हों तो उस जगह पर हींग का चूर्ण लगाने से कीड़े मर जाते हैं।
- पेट का फूलना, उदरशूल, कब्जियत, आमाशय और आंतों की शिथिलता, अपचन और कृमिरोग में हींग बहुत गुणकारी होती है, इन रोगों में हींग को अजवायन के साथ देते हैं। आँतों के रोग में तथा कृमि रोग में हींग के पानी का एनीमा देना चाहिए।
- गृध्रसी, अर्दित, पक्षाघात, आक्षेप इत्यादि वात रोगों में हींग को देने से बहुत लाभ होता है। मलेरिया ज्वर में भी यह एक उपयोगी वस्तु है। ज्वर के अन्दर सन्निपात का लक्षण दिखाई देने पर 'हींगकर्पूर-बटी' देना चाहिए। अगर रोगी में गोली को निगलने की सामर्थ्य न हो तो गोली को अदरक के रस में पीसकर उसको जबान पर लगा देना चाहिए। इससे नाड़ी की गति में सुधार होता है। हाथ-पांवों की कम्पन मिटती है।
- हृदय-रोगों में भी हींग एक उत्तम वस्तु है। छाती की छड़कन, हृदय का शूल, घबराहट, चक्कर आना इत्यादि रोगों में तथा हृदयोदर में 'हींगकर्पूर-वटिका' देने लाभ होता है।
- हींग को शुद्ध करने की विधि—आयुर्वेद में हींग को भी शुद्ध करके उपयोग में लेने का विधान है। इसको शुद्ध करने की विधि इस प्रकार है—लोहे के पात्र में घी के अन्दर हींग को डालकर आग पर रख दें, जब कुछ लाल हो जाय तब उतार कर काम में लें।
- हिंग्वष्टक चूर्ण—सोंठ, मिर्च, पीपर, जीरा, स्याह जीरा, अजमोद, सेंधा नमक काला नमक ये आठों चीजें एक-एक तोला और हींग तीन माशा इन सब चीजों का चूर्ण कर लें। इस चूर्ण को तीन माशे की मात्रा में लेने से सब प्रकार के उदररोग मिटते हैं।
- मात्रा—हींग की मात्रा दो रत्ती से 6 रत्ती तक होती है।

(प्रयोग से पूर्व अपने वैद्य की सलाह अवश्य लें)

फॉर्म नं. 4
(नियम-8 देखिए)

1. प्रकाशन का स्थान : जोधपुर
2. प्रकाशन की अवधि : मासिक
3. मुद्रक : श्री अरविन्द श्रीमाली
4. प्रकाशक : श्री अरविन्द श्रीमाली
5. सम्पादक का नाम : श्री अरविन्द श्रीमाली
   क्या भारत के नागरिक हैं : हाँ
   पूरा पता : 1 हाईकोर्ट कॉलोनी, डॉ. श्रीमाली मार्ग, जोधपुर-342001(राज.)
6. उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के हिस्सेदार या साझेदार हों : श्री अरविन्द श्रीमाली

मैं अरविन्द श्रीमाली एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार दिया गया विवरण सत्य है।

अरविन्द श्रीमाली
(मुद्रक प्रकाशक)

दुःख से प्रभु की सामीप्यता

भगवान श्रीकृष्ण ने कुंती जी से पूछा कि मैं आपकी क्या सेवा करूँ।

उन्होंने जवाब दिया कि 'आप वह हैं जो हमारी इच्छाओं को हमारी इच्छा और प्रार्थनाओं से पहले ही जान लेते हैं और समय-समय पर जैसा जिसके लिये जरूरी होता है, उसको वैसा ही देते रहते हैं। लेकिन चूँकि आप आज बहुत प्रसन्न मालूम होते हैं, इसलिये मैं आज आपसे कुछ माँगे बगैर न रहूँगी और यदि आप किसी कारणवश देने से इंकार करेंगे, तो भी मैं लिये बगैर न रहूँगी; मैं आपको आपका वायदा हमेशा याद दिलाऊँगी। ऐसा न हो कि लोग आपको वायदा शिकन यानी वादा पूरा न करने वाला कह बैठे। इसलिये दीजिये, प्रभो! मैं माँगने लगी। आपके खजाने में सबसे प्रिय वस्तु है, मैं उसी को माँगूंगी।'

भगवान - 'जरूर माँगो।'

कुन्ती - 'हाँ, शायद आप इसलिये जल्दी कर रहे हैं कि मैं जल्दी में उस रत्न को भूलकर कुछ और ही माँग बैठूँ।'

प्रभु - 'तो क्या मैं कंजूस हूँ?'

कुन्ती - 'नहीं, यह तो नहीं; लेकिन फिर भी शायद...'

भगवन - 'अच्छा तो सोच समझकर माँगो।'

कुन्ती - 'लीजिये, प्रभो! अब मैं खुश हूँ। मुझको वह रत्न याद आ गया जो आपके खजाने में सबसे सुन्दर है। दे दीजिये और आप स्वयं ही दे दीजिये।'

'क्या धन?'

'नहीं।'

'इज्जत? स्वर्ग का सुख?

'नहीं।'

'चमत्कार की शक्तियां?'

'नहीं।'

'बड़े-बड़े लोकों का राज्य?'

'जी नहीं।'

'ऋद्धि-सिद्धियाँ?'

'नहीं।'

भगवान - (हैरान होकर) 'तो आखिर ऐसा क्या, जिसको आप बड़ा रत्न कहती हैं?'

कुन्ती - 'यही तो मैं कहती थी कि आप वह मुझे न देंगे, क्योंकि मैं उसके लायक नहीं।'

भगवान् - 'नहीं, नहीं: आप सब लायक हैं। माँगिये, माँगिये, जल्दी माँगिये; हम सब कुछ देंगे। मुझे याद नहीं आता कि आखिर वह कौन सी वस्तु है, जो इनसे भी अधिक प्रिय है।'

कुन्ती - 'दे तो देंगे?'

भगवान - 'अवश्य।'

कुन्ती - 'लेकिन आप कहीं यह कहकर टाल न दें कि वह चीज तुम्हारे काम की नहीं, इसलिये न देंगे।'

भगवान - 'आखिर हम जो करेंगे ठीक ही तो होगा।'

कुन्ती - 'तो ठीक है, जो आपकी इच्छा हो कीजिये; लेकिन मैं उस रत्न को जरूर माँगूंगी।'

भगवान - (प्रसन्न होकर) 'कुन्तीजी, जरूर माँगिये।'

कुन्ती - 'प्रभो, तो फिर मुझको दु:ख दिये जाइये।'

भगवान (चौंककर) 'हैं! यह क्या माँगा? दु:ख? और फिर मैं आपको दूँ? मैं तो आपको दु:खों से मुक्त करने आया हूँ, न कि दु:ख देने!'

कुन्ती - 'प्रभो! दु:ख जब आप दे देंगे, मैं दु:खों से मुक्त हो जाऊँगी।'

भगवान - 'यह क्या बातें कर रही हो? दु:ख लेकर दु:खों से मुक्त कैसे हो सकती हो?'

कुन्ती - 'प्रभो! पहले तो मैं इस बात से सुखी होऊँगी कि जो मैंने आपसे माँगा था, वह मुझको मिला; और दूसरे, जो-जो भाव उस दु:ख से संबंध रखते हैं, उनकी वजह से सुखी होऊँगी।'

भगवान - 'तो क्या हम जान सकते हैं कि वे भाव क्या हैं?'

कुन्ती - 'मैं समझती हूँ कि जीवन का लक्ष्य आपकी

समीपता और आपकी याद है। मैं अभी तक ऐसी नहीं बनी कि सुख में आपको याद कर सकूँ। इसलिये, प्रभो! वह दु:ख मेरे लिये अच्छा है कि जिससे आप हमेशा याद आयें। इसलिये दु:ख को प्यार करने और माँगने का पहला भाव मेरा यह है कि उससे आप याद आयें और लगातार याद आयें। चूँकि दु:ख से आप याद आयेंगे, इसलिये दु:ख से भी मुझे प्यार होगा; और जिस चीज से प्यार हो, वह दु:ख कहाँ रहा? क्योंकि दु:ख प्रतिकूल अवस्था का नाम है। जहाँ प्रतिकूलता नहीं, वहाँ दु:ख नहीं। हे प्रभो! मैं तो लोभिन हूँ, नाममात्र को दु:ख माँग रही हूँ। वास्तव में तो सुख ही माँग रही हूँ।

'दु:ख मुझको इसलिये प्यारा है, कि इससे आपकी याद आती है। और चूँकि आपकी याद हर दु:ख को मिटाने वाली है, इसलिये वह खुद ही जाता रहेगा। मैं सब दु:ख सह लूँगी, लेकिन आपको भूलने का दु:ख नहीं सह सकती। तीसरा भाव यह है कि मैं देखूँ कि जो चीज मुझे मेरे प्रभु से मिली है, उसको मैं कहाँ तक प्रेम कर सकती हूँ।'

'संसार का तू माली है, तूने बाग में दु:ख और सुख के काँटे और फूल बनाये हैं। अगर फूल तेरे हैं तो काँटे किसके हैं? तूने एक ही जल से दोनों को सींचा है। मैं दोनों से प्यार करूँगी, बल्कि तेरे काँटों से अधिक प्रेम करूँगी; क्योंकि वह तेरे काँटे हैं। हे प्रभो, मैं इस तरह दु:खों से प्रेम करना भी सीख लूँगी।'

'एक प्रेमी का उसके प्रीतम ने सुन्दर लिबास फाड़ डाला। वह अपने प्रीतम के ध्यान में हर समय रोता रहता था, चिल्लाता था और इस कोशिश में था कि उसको कोई चीज भी तो अपने प्रीतम की मिल जाए। जब उसने देखा कि उसका सुंदर लिबास उसके प्रीतम के हाथों से फट गया है तो वह नाचने लगा और कहने लगा कि यही सबसे सुंदर लिबास है कि जिसको प्रीतम ने अपने हाथों से फाड़ा है। लोग उसकी हँसी उड़ा रहे थे कि बुद्धिमानों और प्रतिष्ठा वालों की सभा में फटा लिबास पहने आया है। उसके किसी मित्र ने उसको और भी सुंदर लिबास लाकर दिया कि लोग आ रहे हैं, तुम अंदर चलकर इसको बदल लो; तो उसने उसको उठाकर फेंक दिया और कहा कि 'तू क्या जानता है कि इस फटे वस्त्र का क्या मूल्य है? इस प्रेम की क्रिया में जो चीज मुझे नजर आ रही है, उसको तुम देख नहीं सकते और जो तुम देख रहे हो, उसको मैं नहीं देखता।' वह कभी उस फटे वस्त्र को चूमता था, कभी प्यार करता था और कभी उस वस्त्र को देख-देखकर रोता कि 'तू खुशनसीब है कि जिसको मेरे प्रीतम ने छुआ तो है। काश, वह बजाय तुम्हारे मुझे फाड़ता !' वस्त्र बोला - 'क्यों घबड़ाता है, क्यों ईर्ष्या करता है? तू मुझसे अधिक भाग्यशाली है! अगर उसने मुझको फाड़ा तो तेरे हृदय को भी तो अपने प्रेम से चाक-चाक, तार-तार कर दिया!!' देखिये, अगर एक प्रेमी अपने प्रीतम के हाथ से मिले फटे वस्त्रों से भी प्रेम कर सकता है तो क्या कारण है कि प्रभो! मैं आपके दिये हुए दु:खों से प्रेम न करूँ?'

भगवान - 'तो फिर आप दु:ख माँग रही हैं या सुख?'

कुन्ती - 'प्रभो! माँग तो दु:ख ही रही हूँ, लेकिन वह दु:ख जिसमें असली सुख हो।'

गोया यह बात संसार के लोगों के लिये शिक्षाप्रद साबित होती है। अगर हम दु:ख को उसका भेजा समझें और उससे प्यार इसलिये करें कि उससे भगवान की याद सदैव आती है तो यह भी तो कितना बड़ा तरीका दु:ख को सुख बनाने का है! और अगर कोई कहता है कि 'नहीं, दु:ख हमारे पाप कर्मों के फल में आ रहा है, प्रभु का दिया नहीं। तो क्या प्रभु जालिम हैं जो हमको दु:ख देंगे ?' अगर दु:ख पाप-कर्मों का भी फल है, तो भी उसे क्यों न माँगा जाए और यों (दु:ख) लेकर सब (पाप कर्मों) को खत्म क्यों न किया जाए?

क्योंकि मांगने पर भगवान हमें कृपास्वरूप उसे सहने की शक्ति भी तो प्रदान करेंगे।

जब सब गुजर रहा है, तो यह भी गुजर जाएगा। अगर पाप-कर्मों का फल दु:ख है और वह आये बगैर भी न रहेगा तो आने दीजिये। आपको तो धूप में चलना आपके कर्मों के फल रूप में प्राप्त हुआ है। लेकिन आप अपने विचाररूपी छाते से उस सफर को आसानी से तय करने की कोशिश करें; समझें कि ये दु:ख आये हैं - हमारे पापों को कम करने के लिये, जो किसी और तरह कम नहीं हो सकते थे। अच्छा हुआ। हालांकि मंजिल कड़ी है, लेकिन इसको किसी-न-किसी वक्त काटना तो पड़ता ही। अब धीरज यह है कि दु:ख तो कट ही जायेगा, साथ-साथ पाप-कर्म भी नष्ट हो जायेंगे। ऐ दु:ख! तू मुबारक है, जो मेरे पापों को नष्ट तो करता है और मुझको शुद्ध करके प्रभु के समीप पहुँचाता है।

▪ राजेश गुप्ता 'निखिल'

मेष-माह के प्रारम्भ के दिन कष्टप्रद रहेंगे।कोई अशुभ समाचार मिल सकता है। कार्य बीच में छूट सकते हैं। पुराना रोग गंभीर हो सकता है। उदासी एवं निराशा रहेगी। परिवार में प्रेम भावना रहेगी। विद्यार्थी वर्ग परिश्रम का फल पायेगा। जीवन का सपना पूरा होता दिखाई देगा। दुश्मनों से सावधान रहें, माह के मध्य में घर में अशांति हो सकती है। संयम का व्यवहार करें। आय में वृद्धि होगी। उत्साह एवं मनोबल बढ़ेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। तीसरे सप्ताह कोई अनहोनी घटना चिंता पैदा कर सकती है। आय की वृद्धि होने से परेशानियों में कमी आयेगी। मुसीबत में दूसरों की सहायता करेंगे। गलत मार्ग से धन संग्रह से बचें। विघ्नहर्ता गणपति दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

वृष-सप्ताह का प्रारम्भ समृद्धिदायक है। अपनों का सहयोग मिलेगा। बाधाएं दूर होगी, जमीन-जायदाद का निपटारा हो जायेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधान हरें। कोई व्यक्ति धोखा दे सकता है, दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। कोर्ट का फैसला आपके अनुकूल होने की पूरी संभावना है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। दूसरा सप्ताह अनुकूलता प्रदान करेगा। मनचाहा कार्य मिलने से सुकून मिलेगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। रुके हुये पैसे वसूल कर सकेंगे। नौकरीपेशा लोगों की कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। पारिवारिक समस्या हो सकती है। तीसरे सप्ताह में निर्णय सोच-समझ कर करें। अचानक नुकसान हो सकता है। किसी अनजान के वाद-वाद में संयम रखें। आखिरी तारीख में लाभ के साथ हानि उठानी पड़ सकती है। आप नवग्रह मुद्रिका धारण करें।

शुभ तिथियाँ-7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

मिथुन-प्रारम्भ लाभकारी रहेगा। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। अदालतों के चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा। दूसरे सप्ताह में आर्थिक परेशानियां रहेंगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। काम-धंधे में प्रगति होगी, कोई भी कार्य हड़बड़ी में न करें, मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है। शत्रुओं के सामने अपनी कोई कमजोरी उजागर न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यों में आ रही अड़चनें और बाधाएं दूर होंगी। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा। मन में भक्ति की भावना रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा सफलता देगी। आखिरी सप्ताह में सावधान रहें। महत्वपूर्ण कार्य कल पर न छोड़ें, आलस्य न करें। मन की स्थिरता के लिए गुरु मंत्र जप अधिक से अधिक करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 28, 29

कर्क-माह का प्रारम्भ लाभकारी होगा। किसी दूसरे व्यवसाय से भी लोगा होगा। कहीं से रुके हुये पैसे प्राप्त होंगे। कार्य में प्रगति होगी, विद्यार्थी वर्ग अपनी सफलता से प्रसन्न होगा। इस समय परिवार में अनबन का माहौल रहेगा। समय थोड़ा प्रतिकूल है। माह के मध्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। कोई अनहोनी घटना हो सकती है। शत्रुओं से सावधान रहें। कई उलझनें परेशानी पैदा करेंगी। आखिरी सप्ताह में परिस्थितियाँ बदलेंगी। जमीन का सौदा भी हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के झमलों से दूर रहें, गलत सोहबत के मित्रों से दूर रहें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। आप बगलामुखी दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23

सिंह-सप्ताह का प्रारम्भ अनुकूल नहीं है। स्वयं में आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे, वाहन धीमी गति से एवं सावधानी से चलाएं। उसके आद अचानक परिस्थितियां बदलेंगी। धनप्राप्ति के योग हैं। जीवनसाथी का साथ मिलेगा, संतान भी सहयोग करेगी। आपकी अच्छी छवि से शत्रु पक्ष परेशान होगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा के उन्नति के अवसर हैं। कोई अशुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। यात्रा से लाभ होगा, नये मित्र बनेंगे। नशीली वस्तुओं से दूर रहें। कोई लांछन लग सकता है। उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। सोच-समझकर लेन-देन करें। आप अपनी सूझ-बूझ से बिगड़े कार्यों को निपटा लेंगे। रोजगार के अवसर आयेंगे। आमदनी में वृद्धि होगी। आप पत्रिका में प्रकाशित भैरव प्रयोग सम्पन्न करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

कन्या-प्रारम्भ सुखप्रद है। महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलेंगे। कोई भी कार्य आवेश में आकर न करें। कोर्ट केस में अनुकूलता मिलेगी। मित्रों से व्यवहार अच्छा रहेगा। कोई अशुभ समाचार रुकावट पैदा करेगा। आर्थिक नुकसान से मानसिक अशांति रहेगी, शत्रु यह देखकर प्रसन्न होंगे। माह के मध्य के बाद बदलाव आयेगा। यात्रा से लाभ होगा, शेयर बाजार से लाभ के अवसर

हैं। किसी भी गलत कार्य में संलग्न न हों। किसी अनजान से टकराहट पर संयम रखें, आपकी छवि समाज में अच्छी बनेगी, स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। परिवार में कुछ अनबन हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति के अवसर हैं। इस माह आप **गणपति दीक्षा** प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

तुला-माह के प्रारम्भ के 3-4 दिन शुभफल देंगे। कोई मांगलिक कार्य भी हो सकता है। जायदाद का मामला सुलझेगा। नौकरीपेशा लोगों के उच्चाधिकारियों से सम्बन्ध होंगे। इसके बाद उतार- चढ़ाव की स्थिति से परिवार में टेंशन हो सकती है। आप बिगड़े कार्यों को सुधारने में सक्षम होंगे। विद्यार्थी वर्ग को परिश्रम का फल मिलेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नये कार्य को प्रारम्भ करने से बचें। वाहन चालन में सावधानी रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। किसी अनजान व्यक्ति की सहायता व्यापार वृद्धि में सहायक होगी। अविवाहितों की सगाई हो सकती है। विरोधी परास्त होंगे, आखिरी सप्ताह में अनाश्यक खर्च बढ़ेंगे। अवांछित साधनों से पैसा कमाने का प्रयास न करें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सच्चाई का साथ दें। **माँ दुर्गा साधना** करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 28

वृश्चिक-माह का प्रारम्भ मध्यम फलकारी है। अपने साहस से आगे बढ़ सकेंगे। सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में अशांति का वातावरण बनेगा। आमदनी से अधिक खर्च होगा। इस समय जोखिम के कार्यों से बचें। टेंशन का समय है, आपकी कोई छुपी बात उजागर होने से मन अशांत होगा। लेन-देन में सतर्क रहें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी से गलतफहमी दूर होकर प्यार का माहौल बनेगा। साझेदारी में अनबन हो सकती है। वांछित रुपयों की आवक न होने से खिन्नता रहेगी। आलस्य से नुकसान हो सकता है, उत्साह की कमी रहेगी। नया कारोबार प्रारम्भ करने से बचें। विदेश यात्रा हो सकती है। आप **तारा साधना** करें।

शुभ तिथियाँ- 3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23, 24

धनु-माह का प्रारम्भ असंतोषप्रद रहेगा। मन में अशांति रहेगी। जीवनसाथी के साथ तनाव की स्थिति रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को आगे बढ़ने के अवसर हैं। आप निश्चय करके ही सफलता पा सकेंगे। किसी कागज पर बिना पढ़े हस्ताक्षर न करें, किसी मुसीबत में पड़ सकते हैं। अपनी भाषा पर संयम रखें। यात्रा से लाभ होगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है, अनावश्यक खर्च से बचें। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। नशे आदि से दूर रहें। विरोधी परास्त रहेंगे, मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष सहयोग करेगा। नया वाहन अभी खरीदने से परहेज करें। पुरानी बीमारी गम्भीर रूप ले सकती है फालतु के खर्च अधिक होंगे। आप **लक्ष्मी वरवरद माल्य** धारण करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

मकर-प्रारम्भ अनुकूलता से होगा। कहीं से लाभ भी हो सकता है। फालतू के कार्यों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। सांसारिक कार्यों के लिए यह समय श्रेष्ठ नहीं है। धार्मिक स्थलों की यात्रा से मानसिक शांति मिलेगी। जमीन-जायदाद के मामले सुलझेंगे। सट्टेबाजी जैसी प्रवृत्ति से दूर रहें। संतान अच्छे नम्बरों से पास होगी। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। अनावश्यक कलह से किसी उलझन में फंस सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। तीसरे सप्ताह में सावधान रहें, उलझनें बढ़ेंगी। आप संयम एवं समझदारी से ही

सर्वार्थ सिद्धि योग -	अप्रैल - 1, 11, 13, 23, 25, 29
अमृत सिद्धि योग-	अप्रैल- 13, 25
रवि योग-	अप्रैल- 3, 16, 18, 21, 25

सफलता पायेंगे। भाइयों से प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आखिरी तारीखों में मिलाजुला असर रहेगा। ज्यादा लालच में न पड़ें। **कायाकल्प दीक्षा** प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ- 7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

कुम्भ-प्रारम्भ के दिन लाभप्रद हैं। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। विपरीत परिस्थितियों में मित्रों का सहयोग ले सकेंगे। इसके बाद परिस्थितियाँ अनुकूल न होने से कष्ट होगा। दूसरे सप्ताह में व्यापार में वृद्धि एवं परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। इस समय का सदुपयोग करें। परन्तु सोच-समझ कर निर्णय लें। अवांछित साधनों से पैसा कमाने से बचें। मित्रों से कठोर भाषा का उपयोग न करें, काम बिगड़ सकते हैं। बिना पढ़े महत्वपूर्ण कागजातों पर हस्ताक्षर न करें। उतार-चढ़ाव का समय है, ज्यादा लालच के सौदों से बचें। विद्यार्थी वर्ग को सफलता प्राप्त होगी। परिवार में मेलजोल का वातावरण रहेगा। आखिरी सप्ताह अशुभकारी है, परिस्थितियाँ विपरीत हैं। आय के साधन कम होंगे, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें। नौकरीपेशा लोगों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। **तारा साधना** करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 29, 30

मीन-माह का प्रारम्भ शुभ समाचार लायेगा। किसी अनजान की मुलाकात आपकी दिनचर्या बदल देगी। रुके हुये कार्य पूरे होंगे, संतान पक्ष के कार्य खुशी देंगे। कोई छिपी बात सामने आने से अशांति रहेगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्रोत बढ़ेंगे। पति-पत्नी में पूर्ण सहयोग की भावना रहेगी। इस समय के व्यापारिक अनुबंध भविष्य में लाभ देंगे। तीसरे सप्ताह में लाभ के साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इस समय कार्यों में विघ्न आयेंगे। वाणी में मिठास रखें, सफलता मिलेगी, गृहस्थ सुखपूर्ण रहेगा। आखिरी की तारीखों में सचेत रहें, नया व्यापार प्रारम्भ न करें, आर्थिक हानि की सम्भावना है। वाहन चालन में सावधानी रखें। बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान रखें। निर्णय सोच-समझ कर लें। विघ्नहर्ता **गणपति दीक्षा** प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23, 24

इस मास व्रत, पर्व एवं त्यौहार

02.04.21	शुक्रवार	अपूर्ण इच्छापूर्ति दिवस
06.04.21	मंगलवार	दस महाविद्या दिवस
07.04.21	बुधवार	पाप मोचनी दिवस
13.04.21	मंगलवार	चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ
17.04.21	शनिवार	श्री पंचमी
20.04.21	मंगलवार	दुर्गाष्टमी
21.04.21	बुधवार	सद्गुरुदेव अवतरण दिवस तारा जयंती, राम नवमी
23.04.21	शुक्रवार	कामदा एकादशी
25.04.21	रविवार	अनंग त्र्योदशी
27.04.21	मंगलवार	हनुमान जयंती (दक्षिण भारत)

साधक, पाठक तथा सर्वजन सामान्य के लिए समय का वह रूप यहां प्रस्तुत है; जो किसी भी व्यक्ति के जीवन में उन्नति का कारण होता है तथा जिसे जान कर आप स्वयं अपने लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

नीचे दी गई सारिणी में समय को श्रेष्ठ रूप में प्रस्तुत किया गया है - जीवन के लिए आवश्यक किसी भी कार्य के लिये, चाहे वह व्यापार से सम्बन्धित हो, नौकरी से सम्बन्धित हो, घर में शुभ उत्सव से सम्बन्धित हो अथवा अन्य किसी भी कार्य से सम्बन्धित हो, आप इस श्रेष्ठतम समय का उपयोग कर सकते हैं और सफलता का प्रतिशत **99.9%** आपके भाग्य में अंकित हो जायेगा।

ब्रह्म मुहूर्त का समय प्रातः 4.24 से 6.00 बजे तक ही रहता है

वार/दिनांक		श्रेष्ठ समय
रविवार (अप्रैल-4, 11, 18, 25)	दिन	06:00 से 10:00 तक
	रात	06:48 से 07:36 तक
		08:24 से 10:00 तक
		03:36 से 06:00 तक
सोमवार (अप्रैल-5, 12, 19, 26)	दिन	06:00 से 07:30 तक
		10:48 से 01:12 तक
		03:36 से 05:12 तक
	रात	07:36 से 10:00 तक
		01:12 से 02:48 तक
मंगलवार (अप्रैल-6, 13, 20, 27)	दिन	06:00 से 08:24 तक
		10:00 से 12:24 तक
		04:30 से 05:12 तक
	रात	07:36 से 10:00 तक
		12:24 से 02:00 तक
		03:36 से 06:00 तक
बुधवार (अप्रैल-7, 14, 21, 28)	दिन	07:36 से 09:12 तक
		11:36 से 12:00 तक
		03:36 से 06:00 तक
	रात	06:48 से 10:48 तक
		02:00 से 06:00 तक
गुरूवार (अप्रैल-1, 8, 15, 22, 29)	दिन	06:00 से 08:24 तक
		10:48 से 01:12 तक
		04:24 से 06:00 तक
	रात	07:36 से 10:00 तक
		01:12 से 02:48 तक
		04:24 से 06:00 तक
शुक्रवार (अप्रैल-2, 9, 16, 23, 30)	दिन	06:48 से 10:30 तक
		12:00 से 01:12 तक
		04:24 से 05:12 तक
	रात	08:24 से 10:48 तक
		01:12 से 03:36 तक
		04:24 से 06:00 तक
शनिवार (अप्रैल-3, 10, 17, 24)	दिन	10:30 से 12:24 तक
		03:36 से 05:12 तक
	रात	08:24 से 10:48 तक
		02:00 से 03:36 तक
		04:24 से 06:00 तक

यह हमने नहीं वराहमिहिर ने कहा है

किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति के मन में संशय-असंशय की भावना रहती है कि यह कार्य सफल होगा या नहीं, सफलता प्राप्त होगी या नहीं, बाधाएं तो उपस्थित नहीं हो जायेंगी, पता नहीं दिन का प्रारम्भ किस प्रकार से होगा, दिन की समाप्ति पर वह स्वयं को तनावरहित कर पायेगा या नहीं? प्रत्येक व्यक्ति कुछ ऐसे उपाय अपने जीवन में अपनाना चाहता है, जिनसे उसका प्रत्येक दिन उसके अनुकूल एवं आनन्दयुक्त बन जाय। कुछ ऐसे ही उपाय आपके समक्ष प्रस्तुत हैं, जो वराहमिहिर के विविध प्रकाशित-अप्रकाशित ग्रंथों से संकलित हैं, जिन्हें यहां प्रत्येक दिवस के अनुसार प्रस्तुत किया गया है तथा जिन्हें सम्पन्न करने पर आपका पूरा दिन पूर्ण सफलतादायक बन सकेगा।

अप्रैल 21

11. भगवान सूर्य को जल अर्पित करें और तीन प्रदक्षिणा करें।
12. आज सोमवती अमावस्या है, स्नान कर कुछ अन्न दान करें।
13. आज से नवरात्रि प्रारम्भ है, घट स्थापन कर माँ दुर्गा का पूजन करें।
14. प्रातः पूजन के बाद 11 बार 'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' मंत्र का जप करके जाएं।
15. आज गणपति मंत्र 'ॐ गं गणपतये नम' का 11 बार उच्चारण करके जाएं।
16. मां दुर्गा का मंत्र 'ॐ दुं दुर्गाय नमः' का 21 बार जप करके जाएं।
17. घी का दीपक लगायें एवं 'श्रीं' बीज मंत्र का 108 बार जप करें।
18. प्रातःकालीन उच्चरित वेद ध्वनि सी.डी. का श्रवण करें।
19. गाय माता को रोटी खिलायें।
20. आज नवार्ण मंत्र का 21 बार उच्चारण करके जाएं।
21. आज सद्गुरु अवतरण दिवस पर पत्रिका में प्रकाशित पूजन करें।
22. पीपल के वृक्ष में जल अर्पित करके 1 परिक्रमा करें।
23. आज के दिन कोई भी मनोकामना के साथ देवी मन्दिर में 3 पुष्प चढ़ायें।
24. आज सरसों का तेल एवं कुछ दक्षिणा दान करें।
25. आज प्रातः निम्न मंत्र का 11 बार उच्चारण करके जाएं -'ॐ ह्रीं ह्रीं सर्व रोग नाशय फट।'
26. 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का 11 बार उच्चारण करें।
27. प्रातः पूजन के साथ हनुमान चालीसा का 1 पाठ करें।
28. आज लक्ष्मी पूजन करके कार्य पर जाएं।
29. तुलसी के वृक्ष के पास दीपक जलायें।
30. काली मिर्च के पांच दाने अपने ऊपर सात बार घुमा कर दक्षिण में फेंक दें।

मई 21

1. प्रातः पूजन के बाद 'ह्लीं' मंत्र का 21 बार उच्चारण करके जाएं।
2. 'ॐ घृणीं सूर्याय आदित्याय नमः' 11 बार मंत्र जप करके जाएं।
3. किसी मनोकामना के साथ मनोकामना गुटिका (न्यौ. 150/-) 'ॐ नमः शिवाय' का 11 बार उच्चारण कर किसी शिव मन्दिर में चढ़ा दें।
4. सरसों के तेल का दीपक हनुमान विग्रह के समक्ष लगायें।
5. निम्न मंत्र का 11 बार उच्चारण करके जाएं-'ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं ॐ'।
6. भगवान विष्णु का पूजन करके जाएं।
7. आज एकादशी को अन्न का दान दक्षिणा के साथ करें।
8. आज शनि मुद्रिका (न्यौ. 150/-) धारण कर सकते हैं।
9. दुर्लभोपनिषद सी.डी. श्रवण करें।
10. शिव मन्दिर में अभिषेक करें।

प्रत्येक युग में
भगवान युग की आवश्यकता
के अनुरूप स्वरूप ग्रहण कर
इस धरा पर अवतरित होते हैं,
अपने भक्तों के कष्ट निवारण
करने के लिए -
यह एक सुस्थापित धारणा है
हिन्दू धर्म की।
किन्तु क्या उनके प्रत्येक
आगमन में कोई मूक संदेश
भी नहीं निहित होता? इसी की
समुचित विवेचना कर रहा है
यह लेख इस नृसिंह जयंती के
अवसर पर . . . .

यदि आप साधक हैं तो
केवल नर नहीं नर केसरी बनिए इस

नृसिंह साधना से

ऐसा व्यक्ति जिसके प्राणों का ही हनन किया जा चुका हो, कोई आवश्यक नहीं, कि जीवित रहते हुए भी वह जीवित व्यक्तियों की श्रेणी में आता हो, क्योंकि केवल श्वास-प्रश्वास के चलते रहने को ही तो 'जीवन' नहीं कहा जा सकता।

जिस प्रकार से पुनर्जन्म का विश्वास हिन्दू धर्म का एक मूल-भूत विश्वास है, उसी प्रकार से इस बात में दृढ़ आस्था है, कि ईश्वर अपने भक्तों के कष्ट-निवारणार्थ समय-समय पर अवतरण के माध्यम से आकर उन्हें पाप-ताप-संताप से मुक्त करने की क्रिया करते हैं। यह भी हिन्दू धर्म का एक आधारभूत विश्वास है। दोनों ही विश्वासों के पीछे जो मुख्य बात है, वह यही है, कि भारतीय चिंतन में कभी भी ईश्वर से अलगाव की कल्पना तक नहीं की गई है। जिस प्रकार जीवन एक सहज घटना है उसी प्रकार ईश्वर का निश्चित कालावधि पर अवतरण भी एक सतत् घटना है, जो मत्स्यावतार से लेकर इस कलियुग में होने वाले कल्कि अवतरण के रूप में पुराणादि शास्त्रों में विस्तार से वर्णित हैं जैसा कि लोक श्रुतियों में मान्य है, जब यह धरा ढाई हजार वर्ष तक तपस्या करती है, तब ईश्वर युग के अनुरूप स्वरूप ग्रहण कर इस धरा पर अवतरण के माध्यम से अपने भक्तों का कल्याण करते हैं तथा उन्हें जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति दिलाने के उपाय सृजित करते हैं।

वस्तुतः प्रत्येक अवतरण का एक निश्चित अर्थ रहा है और सामान्य लोक विश्वास से पृथक (कि ईश्वर ऐसा प्राणी मात्र के उद्धार के लिए करते हैं) अवतरण की घटना के विशिष्ट अर्थ भी होते हैं। प्रत्येक अवतरण किसी एक या दो भक्त की विपत्ति में रक्षा करने अथवा उसके उद्धार तक ही सीमित न रह कर अनेक गूढ़ संदेश भी छिपाए हुए होता है, यद्यपि पौराणिक कथाओं से अभिव्यक्त ऐसा ही होता है, मानों ईश्वर ने किसी भक्त-विशेष की पुकार पर इस धरा पर आना स्वीकार किया और यही बात भगवान श्री विष्णु के नृसिंहावतार के संदर्भ में भी पूर्ण प्रासंगिक है।

पौराणिक गाथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा के दो द्वारपालों ने एक बार भगवान ब्रह्मा की आज्ञा के पालन के क्रम में भगवान ब्रह्मा के चार प्रथम मानस पुत्रों में से एक को भीतर प्रवेश करने से वर्जित कर दिया, जिससे उन्होंने क्रोधयुक्त हो उन दोनों को राक्षस योनि में चले जाने का श्राप दे दिया। बाद में क्रोध शांत होने व वास्तविकता का ज्ञान होने पर उन्होंने द्वारपालों की प्रार्थना पर उन्हें यह वरदान दिया, कि यद्यपि उनका वचन मिथ्या नहीं हो सकता, अतः वे राक्षस योनि में तो जाएंगे ही, किन्तु उनका वध स्वयं भगवान विष्णु के हाथों से होने के कारण वे मुक्त होकर परमपद की प्राप्ति कर सकेंगे।

कालांतर में ये दोनों द्वारपाल ही क्रमशः हिरण्याक्ष एवं हिरण्यकश्यप के रूप में आए, जिनके अत्याचारों से सारी धरा ही नहीं देवलोक आदि तक त्राहि-त्राहि कर पड़े जिन्हें समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने दो बार अवतार लिए। हिरण्याक्ष को समाप्त करने के लिए शूकर अवतार तथा हिरण्यकश्यप को समाप्त करने के लिए नृसिंह अवतार इसी कारणवश संभव हुए।

पौराणिक गाथाओं की कथात्मक शैली में क्या तथ्य छुपे होते हैं अथवा क्या वे केवल विशिष्ट घटनाओं का कथात्मक विस्तार भर होती हैं, यह तो पृथक विवेचना और चिंतन की बात है, किन्तु जैसा कि प्रारंभ में कहा, कि प्रत्येक अवतरण स्वयं में एक संदेश भी निहित रखता है, उसी क्रम में चिंतन करने पर स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है, कि भगवान श्री विष्णु के इस विशिष्ट अवतरण (नृसिंह अवतरण) का भी एक गूढ़ संदेश है और संदेश है, 'नृ' अर्थात् मनुष्य को 'सिंह' अर्थात् पराक्रमी बनने का संदेश।

यह जीवन का एक सुस्वीकृत तथ्य है कि केवल इस युग में ही नहीं वरन् प्रत्येक युग में वही व्यक्ति जीवित रह सका है, जिसने जीवन में संघर्ष किया है। जीवन संघर्षों का एक अविराम क्रम होता है तथा इसमें जो क्षण भर चूका, जीवन उसकी प्राण शक्ति का हनन कर देता है और फिर ऐसा व्यक्ति जिसके प्राणों का ही हनन किया जा चुका हो, कोई आवश्यक नहीं, कि जीवित रहते हुए भी वह जीवित व्यक्तियों की श्रेणी में आता हो, क्योंकि केवल श्वास-प्रश्वास के चलते रहने को ही तो 'जीवन' नहीं कहा जा सकता।

वास्तव में जीवन तो उसका कहा जा सकता है, जो अपने जीवन के लक्ष्यों को सिंह की भांति झपट कर प्राप्त करने की क्षमता से युक्त हो। वन्य प्राणियों में सर्वाधिक ओजस्वी पशु सिंह को ही माना गया है, जो अनायास कभी किसी पर

यह भी जीवन का एक कटु सत्य है,

कि जब तक जीवन रहेगा तब तक समस्याएं भी आएंगी हीं, लेकिन जो साधक दृढ़ निश्चयी होते हैं, जिनके मन में सर्वोच्च बनने का भाव हिलोरे ले रहा होता है,

वे अवश्यमेव ऐसी साधना सम्पन्न कर अपने जीवन को एक नया ओज व क्षमता देते हैं,

हमला करता ही नहीं, किन्तु आवश्यकता पड़ने पर अथवा क्रुद्ध हो जाने पर जब वह हुंकार भर कर खड़ा हो जाता है, तो अन्य छोटे-छोटे जानवरों की कौन कहे, मस्त गजराज भी कतरा कर निकल जाने में ही अपनी भलाई समझते हैं। ऋषियों ने भी पुरुष की इसी 'सिंहवत्' रूप में कल्पना की थी। 'सिंहवत्' बनना केवल शौर्य प्रदर्शन की ही एक घटना नहीं होती वरन् सिंहवत बनना इस कारण से भी आवश्यक है, कि केवल इसी प्रकार का स्वरूप ग्रहण करके ही जीवन की गति को सुनिर्धारित किया जा सकता है, अन्यथा एक-एक आवश्यकता के लिए वर्षों घिसट कर उसे प्राप्त करने में जीवन का सारा सौन्दर्य, सारा रस समाप्त हो जाता है।

भगवान विष्णु ने तो एक ही हिरण्यकश्यप को समाप्त करने के लिए नृसिंह स्वरूप में, पौराणिक गाथाओं के अनुसार अवतरण लिया, किन्तु मनुष्य के जीवन में तो प्रतिदिन नूतन राक्षस आते रहते हैं, जो हिरण्यकश्यप की ही भांति अस्पष्ट होते हैं, तब उनसे मुक्ति पाने का क्या उपाय हो सकता है? और यह भी सत्य है, कि यदि जीवन में अभाव, तनाव, पीड़ा (शारीरिक, मानसिक अथवा दोनों), दारिद्रय जैसे राक्षसों से एक-एक करके निपटने का चिंतन किया जाए, तो मनुष्य की आधी से अधिक क्षमता तो इसी विचार-विमर्श में निकल जाती है, शेष तो आधी बचती है, वह किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देती। साथ ही जीवन के ऐसे राक्षसों से तो केवल सामान्य प्रयास से ही नहीं वरन् ऐसे क्षमता युक्त प्रयास से जूझना आवश्यक होता है, जो साक्षात् नरकेसरी की ही क्षमता हो। तभी जीवन में कुछ ऐसा घटित हो सकता है, जिस पर गर्वित हुआ जा सकता है।

सामान्यतः साधना का क्षेत्र अत्यंत दुष्कर प्रतीत होता है, क्योंकि साधना जीव को वास्तविकताओं का यथावत् प्रस्तुतिकरण व विवेचन कर देती है। उसमें भक्ति जगत की भांति दिवास्वप्नों की मधुर लहर नहीं होती है, किन्तु अन्ततोगत्वा व्यक्ति का हित, साधना से ही साधित होता है, क्योंकि साधना जीवन की कटु वास्तविकताओं का यथावत् वर्णन करने के साथ-साथ उससे मुक्त होने का उपाय भी वर्णित करती चलती है। वस्तु स्थितियों का विवेचन इस कारणवश आवश्यक होता है, जिससे साधक के मन में एक सुस्पष्ट धारणा बन सके, कि अन्ततोगत्वा उसकी समस्या क्या है, किस प्रकार से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है? यहाँ नृसिंहावतार की संक्षिप्त व्याख्या से भी यही तात्पर्य था और साधकों की सुविधार्थ उस साधना विधि का प्रस्तुतिकरण भी किया जा रहा है, जो इस व्याख्या को पूर्णता देने की क्रिया है अर्थात् केवल वर्णन-विवेचन नहीं, वह उपाय भी प्रस्तुत करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से कोई भी साधक अपने जीवन को संवारता हुआ, अपनी रग-रग में सिंह की ही लपक और शौर्य को भरता हुआ जीवन की उन समस्याओं पर झपट्टा मार सकता है, जो नित नये स्वरूप में आती रहती है तथा यह भी जीवन का एक कटु सत्य है, कि जब तक जीवन रहेगा तब तक समस्याएं भी आएंगी हीं, लेकिन जो साधक दृढ़ निश्चयी होते हैं, जिनके मन में सर्वोच्च बनने का भाव हिलोरे ले रहा होता है, वे अवश्यमेव ऐसी साधना सम्पन्न कर अपने जीवन को एक नया ओज व क्षमता देते हैं, जैसा कि नीचे की पंक्तियों में प्रस्तुत साधना विधि की भावना है।

नृसिंह साधना को मूलरूप में सम्पन्न करने के इच्छुक साधक के पास ताम्रपत्र पर अंकित नृसिंह यंत्र व नृसिंह माला आवश्यक उपकरण के रूप में होनी चाहिए। इस साधना नृसिंह जयंती (25.05.2021) अथवा किसी भी रविवार की रात्रि में सम्पन्न की जा सकती है। साधक इसमें वस्त्र आदि का रंग काला रखें तथा दिशा दक्षिण की ओर मुख करके हो। यंत्र व माला का सामान्य पूजन कुंकुम, अक्षत, पुष्प की पंखुड़ियों से कर, तेल का एक बड़ा दीपक लगा दें व निम्न मंत्र की इक्यावन (51) मालाएं 'नृसिंह माला' से दत्तचित्त भाव से करें -

मंत्र

।। ॐ क्ष्रौं क्रौं नृसिंहाय नमः।।

OM KSHROUM KROUM NREE SINGHAAYA NAMAH

साधक यह मंत्र जप दो बार में भी सम्पन्न कर सकते हैं, अर्थात् एक बार में इक्कीस (21) माला मंत्र जप कर पुनः विश्राम कर इकतीस (31) माला मंत्र जप सम्पन्न कर सकते हैं, किंतु सम्पूर्ण मंत्र जप एक ही दिन में सम्पन्न हो जाना आवश्यक होता है।

मंत्र जप के अगले दिन सभी सामग्रियों को दक्षिण दिशा में जाकर कहीं सुनसान में गड्ढा खोदकर दबा दें तथा घर आकर स्नान कर लें। संभव है मंत्र जप के पश्चात् साधक को आगामी दस-पन्द्रह दिनों तक शरीर में विचित्र से खिंचाव आदि होते महसूस हो, किन्तु ये सभी साधना में सफलता के विशेष लक्षण होते हैं।

साधना सामग्री : 450/-

भुवनेश्वरी विवाह प्रयोग

दस महाविद्याओं में भुवनेश्वरी देवी को गृहस्थ जीवन की दृष्टि से पूर्ण अनुकूलता एवं सिद्धि देने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है

विवाह के सम्बन्ध में यह प्रयोग यदि कन्या स्वयं सम्पन्न कर सके, तो ज्यादा उचित रहता है अन्यथा उसके नाम का संकल्प कर कोई अन्य भी प्रयोग कर सकता है।

यह प्रयोग किसी भी शुक्रवार को प्रारम्भ किया जा सकता है और एक बार प्रारम्भ करने के पश्चात् जब तक प्रयोग पूर्ण न हो, मंत्र जप तो नियमित रूप से अवश्य ही सम्पन्न करते रहना चाहिए।

साधना के दिन प्रातः स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर, अपने पूजा स्थान में सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछा कर, चावलों की ढ़ेरी पर 'भुवनेश्वरी यंत्र' स्थापित करें, यंत्र के चारों ओर 'ह्रीं' बीज मंत्र कुंकुम से लिखें। एक घी का दीपक जलाएं। सर्वप्रथम अपने इष्ट देवता का ध्यान कर सिन्दूर से यंत्र पूजन करें, लाल पुष्प अर्पित करें और प्रार्थना करें कि कार्य सम्बन्धी मनोकामना शीघ्र पूरी हो।

तत्पश्चात् 'भुवनेश्वरी माला' से नीचे लिखे मंत्र का ग्यारह माला जप करें और प्रत्येक माला पूर्ण होने के साथ देवी को पुष्प अर्पित करते रहें।

।। ऊँ ऐं ऐं अनंगाय फट्।।

OM AYEIM AYEIM ANANGAAYA PHAT

यह प्रयोग नौ दिन तक करें। नौ दिन के पश्चात् सभी पुष्प एकत्र कर एक कपड़े में बांध कर रखे दें तथा यह विशेष भुवनेश्वरी यंत्र, जो कि ताबीज रूप में होता है। उसे कन्या के बायें हाथ में बांध दें, और सवा माह के पश्चात् यंत्र तथा माला शिव मन्दिर में अर्पित कर दें।

साधना सामग्री - 450/-

बगलामुखी जयंती – 20.5.21

शत्रु स्तम्भन साधना

स्तम्भन का तात्पर्य है
शत्रु को कुंठित कर देना

शत्रु की बुद्धि स्तम्भित कर देना, जिससे उसकी सोचने-विचारने की शक्ति समाप्त हो जाती है, वह अपनी बात सही समय पर भलीप्रकार से बोल नहीं पाता। उसकी वाणी स्तम्भित हो जाती है।

सामग्री

बगलामुखी यंत्र, पीली हकीक माला, बगलामुखी चित्र, जल पात्र, पीले पुष्प।

समय

रात्रि का कोई भी समय।

- **आसन** - पीले रंग का आसन।
- **दिशा** - पश्चिम

मंत्र

॥ ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिव्हां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा ॥

इसमें साधक को पीली धोती पहिन कर पीले आसन पर बैठना चाहिए। इस साधना को साधक बगलामुखी जयंती 20.5.21 या किसी भी गुरुवार से प्रारम्भ करें।

सर्वप्रथम अपने सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछाकर बगलामुखी यंत्र एवं चित्र स्थापित करें। सिन्दूर का तिलक लगायें एवं सामान्य पूजन करके पीले पुष्प चढ़ायें। सामने अगरबत्ती एवं दीपक लगायें फिर पीली हकीक माला या हल्दी की माला से इकतीस माला मंत्र जप प्रतिदिन तीन दिनों तक करें। फिर तीसरे दिन यंत्र को पूजा स्थान में स्थापित कर दें। इसके बाद यदि कोई शत्रु अत्यधिक परेशान कर रहा हो तो एक हकीक पत्थर लेकर उस पर शत्रु का नाम लिखकर देवी बगलामुखी के सामने रखकर 1 माला मंत्र जप करें और फिर उस हकीक पत्थर को किसी निर्जन स्थान पर जमीन में गाड़ दें तो शत्रु शांत हो जाता है।

न्यौछावर - 450/-
हकीक पत्थर 120/:

।। श्री गुरु स्तवन ।।

नमस्तुभ्यं महा मंत्र दायिने शिवरूपिणे।
ब्रह्म ज्ञान प्रकाशाय संसार दु:ख तारिणे।।
अति सौभाग्य विद्याय वीरायाज्ञान हारिणे।
नमस्ते कुल नाथाय कुल कौलिन्यदायिने।।
शिव तत्व प्रकाशाय ब्रह्म तत्व प्रकाशिने।
नमस्ते गुरवे तुभ्यं साधकाभय दायिने।।
अनाचाराचार भाव बोधाय भाव हेतवे।
भावाभाव विनिर्मुक्त मुक्ति दात्रे नमो नम:।।
नमस्ते सम्भवे तुभ्यं दिव्य भाव प्रकाशिने।
ज्ञानानन्द स्वरूपाय विभवाय नमोनम:।

शिवाय शक्ति नाथाय सच्चिदानन्द रूपिणे।
काम रूपाय कामाय काम केलि कलात्मने।।
कुल पूजोपदेशाय कुलाचार स्वरूपिणे।
आरक्त निज तच्छक्ति वाम भाग विभूतये।।
नमस्तेऽस्तु महेशाय नमस्तेऽस्तु नमो नम:।
इद स्तोत्र पठेन्नित्य साधको गुरु दिगमुख।।
प्रातरुत्थाय देवेशि! ततो विद्या प्रसीदति।
कुल सम्भव पूजायामादौ यो न: पठेदिदम।।
विफला तस्य पूजा स्यादभिचाराय कल्प्यते।
इति कुब्जिका तंत्रे गुरु स्तोत्रं समाप्तम।।

